दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार


# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, बुधवार 22 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1129



## संक्षिप्त खबरें ।

### बुलडोजर कार्रवाई कानून नहीं, प्रतिशोध का हथियार बन गई है': इलाहाबाद हाईकोर्ट



**लोक तंत्र की आवाज़**

**इलाहाबाद।** बुलडोजर न्याय' पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन की सख्त टिप्पणी, बोले- आरोपियों के घर गिराकर समाज की 'खून की प्यास' शांत कर रही है सरकार ! इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन ने उत्तर प्रदेश सरकार की हालिया 'बुलडोजर कार्रवाई' पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य आरोपियों के घर इसलिए ढहा रहा है ताकि "बुलडोजर न्याय की आदत डाल दिए गए समाज की कथित खून की प्यास ( Bloodlust ) शांत की जा सके।" उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य यह मानकर चल रहा है कि समाज दूसरों के दुर्भाग्य में सुख ( Schadenfreude ) महसूस करता है और कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना भीड़तंत्र जैसी त्वरित सजा ( Vigilante Style Summary Justice ) दिए जाने पर सरकार की सराहना करेगा। जस्टिस श्रीधरन ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में संवैधानिक न्यायालयों का दायित्व है कि वे संविधान और कानून के अनुरूप न्यायशास्त्र विकसित करें।ये टिप्पणियां जस्टिस श्रीधरन ने 51 पृष्ठों के अपने अलग फैसले में कीं, जो हमीरपुर के एक परिवार की संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने से संबंधित मामले में दिया गया। परिवार के एक सदस्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता ( BNS ), आईटी अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज होने के तुरंत बाद प्रशासन ने उनके मकानों को निशाना बनाया था।

खंडपीठ, जिसमें जस्टिस सिद्धार्थ नंदन भी शामिल थे, इस बात पर एकमत रही कि किसी आरोपी को दंडित करने के उद्देश्य से उसके घर को गिराना कानून का दुरुपयोग और प्रतिशोधात्मक कार्रवाई है। हालांकि, इस बात पर दोनों न्यायाधीशों की राय अलग रही कि क्या एफआईआर दर्ज होने के बाद दो वर्ष तक राज्य को आरोपी के घर पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से रोका जाना चाहिए। अपने फैसले की शुरुआत जस्टिस श्रीधरन ने उर्दू शायर बशीर बद्र की प्रसिद्ध पंक्तियों— "लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में"—से की। उन्होंने कहा कि एक घर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि परिवार की आशाओं, सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक होता है। इसे अचानक छीन लेना परिवार को निराशा की गहरी खाई में धकेल देता है।

# प्रधानमंत्री मोदी चुप क्यों हैं? छात्रों के साथ लाठीचार्ज पर बोले राहुल गांधी, घायलों से मिलने अस्पताल भी पहुंचे

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** दिल्ली में NEET पेपर लीक के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन को लेकर सियासत भी तेज हो गई है. सोमवार को CJP के प्रोटेस्ट के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा. वो प्रदर्शन में घायल हुए छात्रों का हाल जानने के लिए दिल्ली के RML अस्पताल भी पहुंचे. राहुल गांधी ने पूछा कि छात्रों के साथ जो हुआ उस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?

**स्पीकर ओम बिरला से की मुलाकात :** इससे पहले, उन्होंने कई विपक्षी नेताओं के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर छात्रों से जुड़े मुद्दों पर सदन में चर्चा कराने की मांग की. उन्होंने कहा, 'हमने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की और कहा कि हम चर्चा चाहते हैं. इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें सरकार से पूछना पड़ेगा।

राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि छात्रों को प्रधान ने नहीं पीटा है, बल्कि इसके लिए गृह मंत्री जिम्मेदार हैं. उन्होंने कहा, 'धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना ही चाहिए, लेकिन प्रधान ने छात्रों को नहीं पीटा है. गृह मंत्री ने पीटा है.' राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष छात्रों के मुद्दे को संसद में उठाता रहेगा।



### युवाओं के साथ ऐसा बर्ताव नहीं किया जाना चाहिए था

राहुल गांधी ने कहा, 'बात यह है कि देश के युवाओं के साथ ऐसा बर्ताव नहीं किया जाना चाहिए. देश के युवाओं के पास मौके नहीं हैं, सारे रास्ते बंद हैं, कॉम्पिटिटिव एग्जाम का एक रास्ता खुला था, उसे भी बर्बाद कर दिया गया है. यहां मौजूद छात्र सिर्फ एजुकेशन सिस्टम के बारे में ही नहीं, बल्कि अपने भविष्य को लेकर भी शिकायत कर रहे हैं. यह युवाओं के भविष्य का मामला है. भारत के छात्र कह रहे हैं कि भारत में उनका कोई भविष्य नहीं है. यह जायज बात है। उन्होंने कहा कि युवा एजुकेशन और टेस्टिंग सिस्टम के खिलाफ विरोध कर रहे हैं. पूरा देश जानता है कि एजुकेशन और टेस्टिंग सिस्टम को दीमक ने खोखला कर दिया है. प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?

## सीजेआई पर यूबीटी नेता संजय राउत की टिप्पणी से बढ़ा राजनीतिक विवाद, भाजपा ने किया पलटवार

**लोक तंत्र की आवाज**



**नईदिल्ली/मुंबई।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने बड़े पैमाने पर राजनीतिक चर्चा छेड़ दी है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत का धन्यवाद किया है।

सांसद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देशभर में चल रहे जनआंदोलनों को नई ऊर्जा देने का श्रेय केवल एक व्यक्ति, माननीय जस्टिस सूर्यकांत जी को जाता है। उन्होंने लिखा कि मुख्य न्यायाधीश ने देश के सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों में नई जान फूंक दी है और इसी वजह से आज इतने बड़े स्तर पर विरोध-प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं।

राउत का यह बयान राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच आया है, जहां पुलिस की पाबंदियों के बावजूद हजारों प्रदर्शनकारी 'संसद मार्च' के लिए इकट्ठा हुए थे। न्यायपालिका की भूमिका पर उनकी टिप्पणियों पर सभी राजनीतिक दलों की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं, जिससे पेपर लीक विवाद को लेकर चल रही देशव्यापी बहस और तेज हो गई है।

इससे पहले, राउत ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की चल रही भूख हड़ताल के संदर्भ में केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोला था। उन्होंने प्रशासन पर 'युवाओं से डरने' और बल प्रयोग करके लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शनों को दबाने का आरोप लगाया था। राउत ने प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्रवाई का जिक्र करते हुए जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए युवाओं से कहा कि सरकार ने शुरू में सोनम वांगचुक और अभिजीत दिपके जैसी प्रमुख आवाजों को मामूली रुकावट समझकर नजरअंदाज कर दिया था।

उन्होंने कहा कि सरकार को लगा था कि वे इन कार्यकर्ताओं को छोटे कीड़ों की तरह कुचल सकते हैं, लेकिन तथाकथित 'कॉकरोच' मजबूती से डटे रहे और देश भर के लोग उनके समर्थन में आगे आए।

राउत ने शांतिपूर्ण रैलियों की अनुमति न देने के सरकार के फैसले की आलोचना की। उन्होंने कहा कि एक सच्ची लोकतांत्रिक सरकार प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करती, न कि उनके मार्च पर रोक लगाती या पुलिस के दबाव में सोनम वांगचुक जैसे कार्यकर्ताओं को जबरदस्ती अस्पताल में भर्ती कराती।

## सपा-कांग्रेस तल्खी के बीच संसद में मिले राहुल और अखिलेश यादव, सीटों के बंटवारे पर बन गई बात?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**सहारनपुर।** यूपी Tak के खास शो आज का यूपी में हम राज्य की तीन बड़ी खबरों का विश्लेषण करते हैं. आज के इस शो में उत्तर प्रदेश की राजनीति से जुड़े तीन बड़े घटनाक्रमों पर चर्चा की गई है. इसमें सबसे पहली खबर असदुद्दीन ओवैसी द्वारा सहारनपुर रैली में अखिलेश यादव और राहुल गांधी को गठबंधन के लिए दी गई सीधी चेतावनी और 'गिरेबान पकड़ने' की धमकी से जुड़ी है. दूसरी खबर में यह विश्लेषण किया गया है कि क्यों ओवैसी का यह दबदबा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लिए एक नया सियासी सिरदर्द बन चुका है और कैसे इमरान मसूद जैसे नेता ओवैसी को लेकर नरमी दिखा रहे हैं. वहीं तीसरी बड़ी खबर में संसद सत्र के पहले दिन राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच हुई अहम मुलाकात और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर जारी तनातनी का पूरा सच सामने आया है।

**आज दोस्ती का हाथ, कल गिरेबान पकड़ेंगे'— ओवैसी:** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक माहौल में उस वक्त अचानक भूचाल आ गया जब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सहारनपुर की रैली से सीधे अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर निशाना साधा. भारी भीड़ के सामने ओवैसी ने हुंकार भरते हुए कहा कि आज वे बीजेपी को रोकने के लिए दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं. लेकिन अगर इसे कमजोरी समझा गया तो यही हाथ कल विरोधियों के गिरेबान तक पहुंचेगा।

ओवैसी ने चेतावनी देते हुए कहा 'बिहार में भी यही कहा गया था कि ओवैसी के पास एक वोट है. लेकिन जब नतीजे आएंगे तो रोना मत कि हम हार गए.अगर हमको साथ नहीं लोगे तो तुम हारोगे।

**ऑफर या सियासी ब्लैकमेल ?:** राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहा है कि क्या ओवैसी का यह बयान गठबंधन की कोई गंभीर पेशकश है या फिर चुनाव से पहले इंडिया (INDIA) गठबंधन को बैकफुट पर लाने की रणनीतिक

## अमित शाह ने छात्रों को पिटवाया', गृहमंत्री पर राहुल गांधी ने लगाए गंभीर आरोप, PM मोदी पर भी कही बड़ी बात

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी ( CJP ) के 'संसद चलो' मार्च के दौरान 20 जुलाई को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के बाद देश का सियासी पारा चढ़ गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी ने सीधे गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। राहुल ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस की लाठियां सीधे अमित शाह के इशारे पर चली हैं। इसलिए सिर्फ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के हटने से बात नहीं बनेगी।

राहुल गांधी की मांग है कि गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र को भी इस्तीफा देना चाहिए। राहुल गांधी ने देश के एजुकेशन और टेस्टिंग सिस्टम को पूरी तरह खोखला करार दिया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज लाचार महसूस कर रहा है और सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय लाठियां बरसा रही है।



**अमित शाह और PM दोनों इस्तीफा दें' बोले राहुल गांधी:** धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर बात करते हुए राहुल गांधी ने साफ किया कि पुलिस और दिल्ली प्रशासन गृह मंत्रालय के तहत काम करता है। इसलिए असली जिम्मेदार गृह मंत्री हैं। राहुल गांधी ने कहा अमित शाह के इशारे पर पुलिस ने छात्रों को पीटा है। इसलिए सिर्फ धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा काफी नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और इसकी अंतिम नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पद छोड़ना चाहिए। पीएम को तुरंत देश के छात्रों से माफी मांगनी चाहिए।

**लाठीचार्ज में जख्मी हुए छात्रों से मिलेंगे राहुल गांधी:** राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं के लिए कमाई के बाकी सभी रास्ते पहले ही बंद हो चुके थे। सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं का एक सहारा बचा था, उसे भी पेपर लीक से तबाह कर दिया गया। राहुल गांधी ने आगे आरोप लगाया, "शिक्षा व्यवस्था पर आरएसएस ने कब्जा जमा लिया है और उनके प्रचारकों को यूनिवर्सिटीज का कुलपति बनाया जा रहा है।

दूसरी तरफ बड़े उद्योगपतियों का दबदबा बढ़ रहा है। युवाओं के पास इतना फंड भी नहीं है कि वे छोटा-मोटा काम शुरू कर सकें। मैं बहुत जल्द खुद जख्मी छात्रों से मिलने जाऊंगा।"

## बच्चों पर लाठीचार्ज, आज तक ऐसा दमन नहीं देखा : केजरीवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**

अरविंद केजरीवाल घायल छात्रों से मिलने पहुंचे



**नईदिल्ली।** दिल्ली में हालिया छात्र प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. आम आदमी पार्टी ( AAP ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया ( RML ) अस्पताल पहुंचे और प्रदर्शन के दौरान घायल हुए युवाओं का हालचाल जाना. इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती छात्रा साक्षी की स्थिति को लेकर चिंता जताई. वहीं पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ बल प्रयोग किया गया. दूसरी ओर पुलिस सूत्रों के मुताबिक साक्षी की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर है. घटना के बाद राजनीतिक माहौल और अधिक गरमा गया है।

**RML अस्पताल पहुंचे केजरीवाल:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरएमएल अस्पताल पहुंचकर प्रदर्शन के दौरान घायल हुए छात्रों और युवाओं के बारे में जानकारी ली. अस्पताल के बाहर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि एक छात्रा साक्षी अस्पताल में भर्ती है और उसकी स्थिति गंभीर बताई गई थी. उन्होंने कहा कि घायलों की वास्तविक संख्या को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है।

**कौन है साक्षी ?:** पुलिस के अनुसार अस्पताल में भर्ती छात्रा की पहचान 23 वर्षीय साक्षी के रूप में हुई है, जो दिल्ली के छतरपुर एक्सटेंशन की रहने वाली है. अधिकारियों के मुताबिक उसकी हालत फिलहाल स्थिर है और वह खतरे से बाहर है. पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर उसकी स्थिति को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं, लेकिन आधिकारिक जानकारी के अनुसार उसकी हालत नियंत्रण में है।

**पुलिस कार्रवाई पर केजरीवाल के आरोप :** आरएमएल अस्पताल के दौरे के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे छात्र किसी पर हमला नहीं कर रहे थे, लेकिन उन पर लाठीचार्ज किया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के साथ अत्यधिक बल प्रयोग किया गया और इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक हैं. केजरीवाल ने छात्रों और उनके अभिभावकों से घबराने की बजाय एकजुट रहने की अपील भी की।

**पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने पहुंचे, यहां DCP ने कराया इंतजार:** केजरीवाल ने कहा कि अस्पताल के बाद वह पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने जाएंगे ताकि यह जानकारी मिल सके कि कितनी एफआईआर दर्ज हुई हैं और कितने लोगों को हिरासत में लिया गया है. उन्होंने कहा कि आंदोलन और उससे जुड़ी पुलिस कार्रवाई के बारे में पूरी जानकारी जुटाई जाएगी. इसके बाद वे संसद मार्ग थाने पहुंचे लेकिन, 45 मिनट से DCP का इंतजार करते रहे। कल के प्रदर्शन से संबंधित जितनी FIR की गई हैं, उसकी पूरी लिस्टजिन बच्चों को बिना FIR के गिरफ्तार किया हुआ है, उनकी लिस्ट. वे किस जेल में हैं।

## राम मंदिर चंदा चोरी केस में दोबारा बनाएं SIT... योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर सुनवाई की. इस दौरान अदालत ने यूपी की योगी सरकार को बड़ा आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि SIT टीम का दोबारा गठन किया जाए. कोर्ट ने SIT टीम में सीनियर IPS ऑफिसर और दूसरे बड़े अधिकारियों को भी शामिल करने के ऑर्डर दिए हैं. अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई यानि अगले सोमवार को होगी. कोर्ट ने कहा कि अगली तारीख तक SIT ने जो रिपोर्ट सबमिट की है, वो उसे बारीकी से पढ़ेगी और सही फैसला ले सकेगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने और क्या कहा ?:** राम चंदा चोरी मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अगली सुनवाई में जांच में जोड़े जाने वाले अधिकारियों के नाम बताएंगे. कोर्ट ने कहा कि सुनवाई की अगली तारीख तक SIT के पुनर्गठन के लिए अधिकारियों के नाम बताएं. मौजूदा SIT को याचिकर्ताओं की तरफ से ज्यादा से ज्यादा एक fact finding team बताई गई और विस्तृत जांच की मांग रखी गई. आपको



बता दें कि इस मामले में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. सुप्रीम कोर्ट को जवाब देते हुए तुषार मेहता ने कहा कि वो इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते क्योंकि इस मामले की जांच अभी चल रही है।

**याचिकाकर्ताओं ने क्या कहा ?:** याचिकाकर्ताओं की तरफ से ये भी कहा गया कि अभी तक जो भी जांच की गई है, वो लोकल थाने के स्तर पर हुई है और इसीलिए डिटेल्ड जांच की ज़रुरत है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जांच पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए. अदालत ने कहा कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस को लेकर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत में राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

## किसानों के आगे बैकफुट पर मोदी सरकार! 2 बड़ी शर्तों पर हुई राजी, रिहा होंगे हिरासत में लिए गए नेता

**लोक तंत्र की आवाज़**



**शंभूबॉडर।** पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर मंगलवार सुबह से छाए भारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' ( FTA ) यानी मुक्त व्यापार समझौते को पूरी तरह रद्द कराने की जिद्द लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों के आगे आखिरकार केंद्र और हरियाणा प्रशासन को झुकना ही पड़ा। सीमाओं पर खड़ी की गई कंक्रीट की दीवारों, लोहे की कटीली तारों और भारी पुलिस बल की सख्त घेराबंदी के बीच सरकार ने बैकफुट पर आते हुए किसान नेताओं की 2 सबसे प्रमुख शर्तों को बिना शर्त स्वीकार कर लिया है।

**सरकार ने मानीं 2 बड़ी मांगें:** दिल्ली कूच के इस बड़े आह्वान के बीच दोनों पक्षों में तनातनी काफी बढ़ गई थी। हालात को बिगड़ने से रोकने के लिए सरकार ने किसानों के साथ बातचीत का रास्ता साफ किया। इसके तहत पहली बड़ी शर्त यह मानी गई कि आंदोलन के दौरान हिरासत में लिए गए सभी प्रमुख किसान नेताओं को तुरंत प्रभाव से रिहा किया जाएगा। दूसरी सबसे अहम मांग को स्वीकार करते हुए सरकार ने रजामंदी दी है कि किसान प्रतिनिधियों की सीधी वार्ता केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ दिल्ली में कराई जाएगी, जहां वे अपनी मांगों को सीधे रख सकेंगे।

देश बचाओ मोर्चा', संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले हो रहे इस विशाल आंदोलन की मुख्य जड़ भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता ( FTA ) है। किसान संगठनों का साफ तौर पर कहना है कि यदि यह व्यापारिक समझौता लागू होता है, तो अमेरिका के सस्ते कृषि और डेयरी उत्पाद सीधे भारतीय बाजारों में बिकने लगेंगे।

## मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव विवाद: मीनाक्षी नटराजन पहुंचीं हाईकोर्ट, चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

**लोक तंत्र की आवाज**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर हुई सियासी और कानूनी लड़ाई अब हाईकोर्ट पहुंच गई है। कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन ने राज्यसभा चुनाव परिणाम को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनके द्वारा मंगलवार को चुनाव याचिका दायर की गई है। मंगलवार को जबलपुर पहुंचीं मीनाक्षी ने कहा कि, उन्होंने निर्धारित 45 दिनों की समय-सीमा के भीतर याचिका दाखिल कर दी है और उन्हें उम्मीद है कि अदालत जल्द इस मामले पर सुनवाई करेगी।



**न्यायपालिका पर है पूरा भरोसा:** मीनाक्षी नटराजन ने चुनाव आयोग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि, उनका नामांकन खारिज करने का फैसला पूरी तरह गलत था। उन्होंने कहा कि जिस मुद्दे पर विधिवत संज्ञान तक नहीं लिया गया, उसी को आधार बनाकर उनकी आपत्ति को खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और विश्वास है कि हाईकोर्ट इस मामले में निष्पक्ष फैसला सुनाएगा।

**क्या है राज्यसभा चुनाव से जुड़ा पूरा मामला ?:** मध्यप्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। पार्टी के पास आवश्यक संख्या बल होने के बावजूद 9 जून को उनका नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया था इंकार:** इसके बाद मीनाक्षी ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा था कि, इस तरह के मामलों में सीधे रिट याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत ने उन्हें चुनाव याचिका दाखिल करने की सलाह दी थी।

**समझौता कर चुके हैं रिटर्निंग ऑफिसर - मीनाक्षी नटराजन:** मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन ने कहा, "यह बहुत साफ है कि, चुनाव आयोग से समझौता किया गया है जैसा कि, राहुल गांधी लंबे समय से कह रहे हैं। रिटर्निंग ऑफिसर भी समझौता कर चुके हैं। उन्होंने यह कहकर मेरा नॉमिनेशन खारिज कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर डीएम का जोर, योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा



**बिहारशरीफ।** समाहरणालय स्थित न्यू एनआईसी बैठक कक्ष में सोमवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण, विकास योजनाओं की प्रगति, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, न्यायालयी मामलों तथा आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। डीएम ने सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने तथा मुख्य सचिव जन शिकायत पोर्टल, सहयोग और मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री सात निश्चय एवं सात निश्चय-2 योजना में नालंदा जिला राज्य में चौथे स्थान पर है, जबकि जल-जीवन-हरियाली में पांचवां, लोक शिकायत निवारण अधिनियम में सातवां और आरटीपीएस में दसवां स्थान प्राप्त हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि 2 से 18 जुलाई तक 2,61,861 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। डीएम ने जल्द 4 लाख स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा करने, आयुष्मान कार्ड सत्यापन, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा राजस्व एवं भूमि सुधार के लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर निरीक्षण रिपोर्ट और फोटो 'टीम नालंदा' व्हाट्सएप समूह पर साझा करने को कहा।

### बारिश के बीच सड़क पर उतरे नगर आयुक्त, सफाई व्यवस्था की खुद संभाली कमान



**गयाजी।** गयाजी शहर में लगातार हो रही बारिश के बीच गया नगर निगम पूरी तरह एक्शन मोड में है। सोमवार सुबह नगर आयुक्त डॉ. गगन खुद बारिश में सड़कों पर उतरे और शहर के वार्ड संख्या-37 सहित विभिन्न इलाकों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था एवं जल निकासी की हकीकत परखी है। इस निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ. गगन ने दो टूक शब्दों में कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर के हर वार्ड व जलजमाव क्षेत्रों वाले इलाकों में शत प्रतिशत निगरानी रखी जाए और जहां भी कचरा, गंदगी या नालियों में रुकावट मिले, वहां तत्काल सफाई अभियान चलाकर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने जलजमाव वाले संवेदनशील इलाकों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि लगातार बारिश के बीच किसी भी क्षेत्र में पानी जमा नहीं रहने देना है। जलनिकासी व्यवस्था हर हाल में सुचारु रहनी चाहिए और शिकायत मिलते ही मौके पर टीम पहुंचकर तत्काल कार्रवाई करे। नगर आयुक्त ने क्विक रिस्पांस टीम को 24×7 अलर्ट मोड में रहने का आदेश देते हुए कहा कि बारिश के इस दौर में नगर निगम की पहली प्राथमिकता शहर को स्वच्छ रखना और लोगों को जलजमाव से राहत दिलाना है। साफ सफाई से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मी फील्ड में रहकर लगातार मॉनिटरिंग करें और किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरतें। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि बारिश चाहे जितनी हो, शहर की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### पत्रकार संगठन की सिरदला प्रखंड इकाई का चुनाव संपन्न, संजय कुमार सक्सेना पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा):** नवादा जिला पत्रकार संगठन की सिरदला प्रखंड इकाई का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव में दैनिक जागरण के पत्रकार संजय कुमार सक्सेना को पुनः प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं नरेश कुमार भारती को कोषाध्यक्ष, अनिल प्रसाद (हिंदुस्तान) को उपाध्यक्ष तथा पप्पू कुमार शर्मा (प्रभात खबर) को सचिव पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें संगठन के सदस्यों ने एकजुटता का परिचय दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार सक्सेना ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती, पत्रकारों के हितों की रक्षा तथा आपसी समन्वय को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव परिणाम की सूचना नवादा जिला पत्रकार संगठन को भेज दी गई है, ताकि नई प्रखंड कार्यकारिणी का विधिवत अनुमोदन एवं आगे की संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# बिल्डर से 50 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप, कार्यालय में घुसकर हथियार के बल पर दी धमकी, जल्द गिरफ्तारी की मांग

## शहर को विकसित बनाने वाले तेज टावर के प्रोप्राइटर बिल्डर को अपराधियों ने दी धमकी

लोकतंत्र की आवाज




**गया जी।** गया जिलामे शहर को विकास करने कि रफ़्तार देने वाले चर्चित बिल्डर और तेज टावर के डायरेक्टर विकास कुमार को अपराधियों द्वारा निशाना बनाया गया है। प्रोप्राइटर ने आरोप है कि हथियार की धमक और दबंगई के दम पर उनसे पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। बदमाशों ने कथित तौर पर बिल्डर के कार्यालय में घुसकर रिवॉल्वर का खौफ दिखाया और साफ शब्दों में कहा- ''पचास लाख रुपए दो और हमसे अपनी सुरक्षा करा लो।''

इस घटना के घटने के बाद पूरे शहर के बिल्डर समाज एवं व्यापारिक जगत में सनसनी फैल गई है। पीड़ित विकास कुमार ने पुलिस प्रशासन से अपनी एवं परिवार की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका दावा है कि पूरी वारदात कार्यालय में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद है, जिसे उन्होंने पुलिस को सबूत के तौर पर सौंप दिया है।

इस पीड़ित बिल्डर के मुताबिक, यह घटना 3 जुलाई को हुई है। शहर के गोरिया मठ के समीप रहने वाले अमित कुमार एवं उसके छोटे भाई सुमित कुमार अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ धर्मसभा गली स्थित उनके कार्यालय पहुंचे। आरोप है कि कार्यालय में पहुंचते ही आरोपियों ने रिवॉल्वर का भय दिखाया है। दहशत का माहौल में बदल दिया है। इसके बाद कथित रूप से पचास लाख रुपया की मांग की गई है। आरोपियों ने कहा कि पैसे देकर उनसे ''सुरक्षा'' करा ली जाए। आगे बिल्डर ने यह भी आरोप है कि इस दौरान उनकी पत्नी ने भी कथित तौर पर धमकी दी है , अपराधियों ने कहा कि उनका उठना-बैठना शहर के कई रंगदारों और बाहुबलियों के साथ है। अगर पुलिस से शिकायत की गई तो कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। प्रोप्राइटर विकास कुमार ने बताया कि 13 जुलाई 2026 को भी उन्हें पूरे दिन जान से मारने की धमकियां दी गईं हैं। लगातार मिल रही धमकियों के बाद उनका परिवार दहशत में है।उन्होंने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ी वारदात हो सकती है। प्रोप्राइटर तेज टावर ने पुलिस को दिए आवेदन में अमित कुमार और सुमित कुमार के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड का भी हवाला दिया है। उनका आरोप है कि दोनों के खिलाफ सिविल लाइंस थाना और कोतवाली थाना में कई मामले दर्ज हैं।इनमें मारपीट, पैसे के लेन-देन में धोखाधड़ी और लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप शामिल हैं। आरोप है कि दोनों ने कई लोगों के साथ ठगी की एवं डुप्लीकेट चांदी के सिक्के बनाकर लाखों रुपये का चूना लगाया है। मोहरी मंडल के लोगो ने भी इन लोगो पर अपराधी केश दर्ज कराई है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए सिवल लाइन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसी टीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि आरोपों की सच्चाई सामने आ सके। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि रंगदारी मांगने के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और क्या यह किसी बड़े गिरोह की साजिश है।गया जैसे बड़े शहर में एक चर्चित कारोबारी से खुलेआम रंगदारी की मांग ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों का कहना है कि अगर अपराधियों पर जल्द शिकंजा नहीं कसा गया तो शहर के आम कारोबारी भी असुरक्षित महसूस करेंगे।फिलहाल पुलिस जांच जारी है, लेकिन यह पचास लाख की रंगदारी का यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब तेज टावर प्रोप्राइटर कि निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं कि कब इस कथित रंगदारी कांड के आरोपियों पर शिकंजा कसता है।

# दिल्ली की तर्ज पर सभी राज्यो में मजबूत बनेगी चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभाः डॉ प्रेम



लोक तंत्र की आवाज

**नवादा :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि दिल्ली के तर्ज पर ही सभी राज्यों में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा को मजबूत बनाया जाएगा ।जिसकी शुरुआत दिल्ली से कर दी गई है।

उन्होंने मंगलवार को बताया कि चंद्रवंशी महासभा के वरिष्ठ नेता मनोज चंद्रवंशी के संयोजकत में दिल्ली में चुनाव कराया गया ।निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन रानी सती मंदिर, अंगूरी बाग में हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों चंद्रवंशी समाज के प्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री एवं पाँच राज्यों (दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल) दिल्ली प्रदेश महासभा के संयोजक एवं चुनाव प्रभारी मनोज चंद्रवंशी प्रभारी रणविजय रोशन तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत चंद्रवंशी ने प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर संगठनात्मक प्रक्रिया का सफल संचालन किया। संयोजक मनोज चंद्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुरूप लोकतांत्रिक एवं सर्वसम्मत वातावरण में दिल्ली प्रदेश की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। सर्वसम्मति से एडवोकेट राज सिंह चंद्रवंशी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

राष्ट्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रभारी मनोज चंद्रवंशी ने निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा और सर्वसम्मति की भावना संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम निवास चंद्रवंशी, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महेश्वर चंद्रवंशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीनिवास चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# विधान पार्षद ने बिजली तथा जल संकट का विधान पार्षद में उठाया मुद्दा

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा।** बिहार विधान परिषद के 213 सत्र में बिहार विधान पार्षद अशोक कुमार ने कौवाकोल प्रखंड के महुडर पंचायत एवं रजौली प्रखंड के सवैयाटांड़ चितरकोली और हरदिया पंचायत के कुछ वैसे गांव है जो झारखंड राज्य से बिजली आपूर्ति कराया जा रहा है ।कई बार आंधी तूफान आने के कारण इन सभी गांव में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। उसे हटाकर बिहार राज्य से करने का सदन में मांग रखे हैं। उन्होंने नारदीगंज प्रखंड के हडिया, डोहरा एवं पेश पंचायत और मेसकौर प्रखंड में वाटर लेवल काफी गहराई रहने के कारण लोगों का जल आपूर्ति सही से नहीं मिल पा रहे हैं जिससे विधान परिषद सदस्य श्री अशोक कुमार जी ने सदन में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के माननीय मंत्री से मांग किए है कि इन सभी जगहों पर तेतर डैम गया जी गंगा जल आपूर्ति योजना के तहत पानी पहुंचाने का काम किए। गैर सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति के अध्यक्ष पद मिलने पर सदन के माननीय सदस्यों को पांच- पांच मिनट समय दिया गया ताकि अतिमहत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार सदन के पटल पर रख सके।

# विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों का हुआ भव्य सम्मान समारोह

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज नगर के मेंन रोड पर स्थित विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ठएएळ वॅ 2026 में ऑल इंडिया रैंक (अक्फ्र)-4 प्राप्त करने वाले आयुष भालोटिया तथा राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (फ्क्चउ), देहरादून में चयनित शिखा राय को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। दोनों विद्यार्थियों के माता-पिता भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयुष भालोटिया के नीट यूजी 2026 में एआइआर-4 प्राप्त करने की उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय रही है।समारोह के दौरान विद्यालय के प्राचार्य परमानन्द एवं निदेशक शीतल कुमारी ने दोनों मेधावी विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर उनकी शानदार सफलता पर शुभकामनाएँ दीं।समारोह का वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा।इस अवसर पर आयुष भालोटिया एवं शिखा राय ने कक्षा-10 के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी सफलता के अनुभव साझा किए।उन्होंने बताया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल और अन्य अनावश्यक गतिविधियों से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की अपील की।अपने संबोधन में प्राचार्य परमानन्द ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसके माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलकर विद्यार्थियों को ऊँचाइयों तक पहुँचाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से इन मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर कठिन परिश्रम करने का आह्वान किया।समारोह में दोनों विद्यार्थियों के माता-पिता ने भी विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा दिया गया संस्कार, अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सीताराम कुमार, राजेश कुमार, सतीश कुमार, विनोद कुमार विनीत, हरिराम, तरुण कुमार, उत्तम कुमार, संजय कुमार शास्त्री एवं सोनू कुमार सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने दोनों मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।यह सम्मान समारोह विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उपस्थित छात्रों ने दोनों उपलब्धियों से प्रेरित होकर अपने लक्ष्य की ओर पूरे मनोयोग से आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# रजौली के जंगलों में अवैध खनन पर विधानसभा में उठा सवाल, विधायक विमल राजवंशी ने की सख्त कार्रवाई की मांग

लोक तंत्र की आवाज



**रजौली (नवादा)।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में रजौली प्रखंड के जंगली क्षेत्रों में कथित अवैध खनन का मामला जोरदार ढंग से उठाया गया। रजौली के विधायक विमल राजवंशी ने सदन में सरकार का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित करते हुए अवैध खनन में संलिप्त खनन माफियाओं तथा लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। विधायक ने कहा कि रजौली के विभिन्न वन क्षेत्रों में पूर्व में वैध खनन लीज के आधार पर खनन कार्य संचालित होता था, लेकिन अधिकांश खदानों की लीज समाप्त हुए कई वर्ष बीत चुके हैं। इसके बावजूद झारखंड की सीमा से सटे क्षेत्रों में कथित रूप से अवैध खनन का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि इससे वन संपदा को लगातार नुकसान पहुंच रहा है, पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। सदन में उन्होंने सरकार से मांग की कि रजौली के जंगली क्षेत्रों का व्यापक सर्वेक्षण कराया जाए तथा उपलब्ध खनिज संसाधनों के आधार पर नियमानुसार नई खनन लीज की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि वैध खनन व्यवस्था लागू होने से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा, स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और सरकार के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। विधायक ने सरकार से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की। उनके इस मुद्दे को सदन में उठाए जाने के बाद क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# बिहारशरीफ : साइबर मंगलवार पर तेलमर थाना क्षेत्र के सात विद्यालयों में चलेगा जागरूकता अभियान

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक नालंदा के आदेश पर तेलमर थाना क्षेत्र में 'साइबर मंगलवार' के तहत साप्ताहिक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य आम लोगों के साथ-साथ विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देना है।थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सात विद्यालयों में पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित अधिकारी विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के सहयोग से साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस दौरान छात्रों को डिजिटल अरेस्ट, लोन फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक से बचने तथा बैंक पासवर्ड, यूपीआई पिन और ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।अभियान के तहत उच्च विद्यालय सौराडीह में थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, उच्च विद्यालय तेलमर में धीरज कुमार, उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय पाकड़ में अमर कुमार सिंह, मध्य विद्यालय तेलमर में हरिनंदन यादव, मध्य विद्यालय सौराडीह में चंद्रभान सिंह तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय ललुआडीह में मुकेश पासवान जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगे। पुलिस का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों और आम नागरिकों को साइबर ठगी के नए तरीकों से अवगत कराकर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालय, बंडी निमचक बथानी उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन

लोकतंत्र कीजिए

**गया** सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालय, बंडी (निमचक बथानी), गया में उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन। शिक्षा के क्षेत्र में बिहार सरकार की महत्वपूर्ण पहल अंतर्गत राज्य के 551 नए सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालयों का शुभारंभ। इसी क्रम में सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालय, बंडी, प्रखंड निमचक बथानी, जिला गया में उद्घाटन समारोह का गरिमामय एवं सफल आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख अजय यादव,प्रखंड विकास पदाधिकारी नीमचक बथानी, विधायक प्रतिनिधि मनोज कुशवाह, जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद औरंगजेब, तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मोहम्मद परवेज, , गीता देवी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. शंभू शरण सिंह, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ भी मौजूद थे। इसके उपरांत अतिथियों ने पुस्तकालय, क्ळ लैब, विज्ञान



प्रयोगशाला एवं इको क्लब का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों की प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में मॉडल विद्यालय स्थापना को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन, डिजिटल संसाधनों का सदुपयोग एवं जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति विद्यालय परिवार ने हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# बिहारशरीफ : नालंदा कॉलेज में नवनामांकित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह आयोजित

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में स्नातक के नए सत्र के नवनामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए मंगलवार को भव्य दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों प्रो. आर.पी. कचवे, डॉ. श्यामसुंदर प्रसाद तथा डॉ. मंजू कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सर्वदमन कश्यप ने किया।प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नालंदा की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाना युवाओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने, अनुशासन का पालन करने और व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रो. आर.पी. कचवे ने समय प्रबंधन और मेहनत का महत्व बताया, जबकि डॉ. श्यामसुंदर प्रसाद ने सकारात्मक सोच और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। डॉ. मंजू कुमारी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।डॉ. सुमित कुमार एवं जितेंद्र सिन्हा ने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस), परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय, एनएसएस तथा खेलकूद जैसी गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में डॉ. शाहिदुर रहमान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह में सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में नव-नामांकित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों को उनके संबंधित विभागों में भेजकर प्राध्यापकों ने उनसे परिचयात्मक संवाद किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 69000 शिक्षक भर्ती मामले में SC में सुनवाई आज, यूपी सरकार ने सौंपी 8270 अभ्यर्थियों की नई लिस्ट



लोक तंत्र की आवाज़
रत्ना

लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती मामले में प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में संशोधित आंकड़े और हलफनामा दाखिल कर दिया। अब इस मामले में मंगलवार को होने वाली सुनवाई पर अभ्यर्थियों की नजरें टिकी हैं ।सरकार ने कोर्ट को श्रेणीवार संशोधित कटऑफ भी उपलब्ध कराई है। इसके अनुसार अनारक्षित (यूआर) वर्ग की कटआफ 69 .46, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की 65 .92, अनुसूचित जाति (एससी) की 60 .14 और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की 56 .09 है। प्रदेश सरकार ने अपने हलफनामे के साथ 8270 अभ्यर्थियों की सूची भी सौंपी है।

### ATS ने बलरामपुर से पकड़ा ISI का गुर्गा, देश विरोधी गतिविधियों में था संलिप्त



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के आतंकी नेटवर्क के लिए कार्य रहे शहरोज अहमद को बलरामपुर के गैसड़ी से गिरफ्तार किया है। वह आईएसआई एजेंट जसवीर चौधरी के जरिये पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा बना और इंटरनेट मीडिया के एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्मों के जरिये भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हो गया। एटीएस को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के निर्देश पर विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भारत विरोधी स्लीपर सेल तैयार करने और आतंकी गतिविधियों की साजिश रचे जाने की जानकारी मिल रही थी। यह तथ्य भी प्रकाश में आ रहे थे कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहजाद एवं आबिद जड़ के माध्यम से आतंकी भारत में नेटवर्क बढ़ा रहे हैं ।जिसके पर एटीएस दल ने शहरोज अहमद निवासी ग्राम जमधरा, थाना–गैसडी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एजेंट जसवीर चौधरी के फेसबुक पेज से जुड़ा और उसके प्रभाव में आने पर विभिन्न सोशल मीडिया के एनक्रिप्टेड मैसेजिंग एप्लीकेशन के जरिये राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हो गया।


### कानपुर में 24 घंटे में दूसरी निर्मम हत्या, शटरिंग कारीगर को पीट-पीटकर मार डाला



लोक तंत्र की आवाज़
रत्ना

लखनऊ। नौबस्ता थानाक्षेत्र के गंगापुर कालोनी में देर रात घर से निकले शटरिंग कारीगर की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह वह मरणासन्न हालत में घर से 500 मीटर दूर गली में मिला इलाकाई लोगों की सूचना पर पहुंचे स्वजन ने पुलिस को जानकारी देकर उसे एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नशेबाजी के विवाद में हत्या की आशंका जताई है। गंगापुर कालोनी निवासी 27 वर्षीय मो .सैफ शटरिंग कारीगर था। परिवार में पत्नी रोशनी दो बड़े भाई निजाम और अशरफ हैं। भाइयों ने बताया कि सैफ नशे का लती था। देर रात वह घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा मंगलवार सुबह इलाके के दो लोगों ने बताया कि वह वह गली में मरणासन्न हालत में पड़ा है। इस पर स्वजन उसे एलएलआर अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाइयों ने बताया कि सैफ के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। पुलिस ने नशेबाजी के विवाद में हत्या की आशंका जताई है।

### PM आवास के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए अखिलेश, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के लिए भरी हुंकार



लोक तन्त्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन जारी है। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत तमाम दिग्गज नेता संसद से मार्च करते हुए 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित पीएम आवास पर पहुंच गए। वहीं, इस प्रदर्शन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए अखिलेश यादव मौके पर पहुंचे हैं।

क्या बोले राहुल गांधी?: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देशवासियों से पीएम आवास के बाहर धरने में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। उनपर हमला हर भारतीय परिवार पर हमला है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की धरना वापस लेने की मांग को ठुकरा दिया और धरना जारी रखने का फैसला लिया।

# घाघरा नदी का का कहर: तरबगंज-कर्नलगंज में बढ़ा कटान, 1 बीघा जमीन और 2 मकान नदी में विलीन

## 2.53 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बढ़ा घाघरा का जलस्तर, ग्रामीणों को पलायन की नौबत

लोकतंत्र की आवाज



**करीम खान**

**गोण्डा।** घाघरा नदी में जलस्तर बढ़ने के साथ ही तटीय इलाकों में कटान ने रफ्तार पकड़ ली है। कर्नलगंज और तरबगंज क्षेत्र के निचले इलाकों में नदी ने कई मकानों और कृषि भूमि को अपने आगोश में ले लिया है। इससे ग्रामीणों के सामने आशियाना बचाने और सुरक्षित स्थान पर जाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

**नदी में समाया पक्का मकान, फूस का घर भी बहा:** तरबगंज तहसील के नवाबगंज स्थित दत्तनगर मांझा गांव में सोमवार रात करीब 1 बजे दिनेश यादव का तीन कमरों का पक्का मकान घाघरा की कटान में पूरी तरह बह गया। वहीं मंगलवार सुबह करीब 7 बजे गांव के ही एक अन्य व्यक्ति का फूस का मकान भी नदी में समा गया। अब तक गांव की 1 बीघा से अधिक कृषि भूमि भी कटान की भेंट चढ़ चुकी है। कई और फूस के मकान नदी के किनारे खतरे की जद में आ गए हैं। इनमें रहने वाले परिवार अब सुरक्षित स्थानों पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

**2.53 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया:** मंगलवार सुबह 9:30 बजे घाघरा नदी में कुल 2 लाख 53 हजार 666 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसमें गिरजा बैराज से 1,17,776 क्यूसेक, शारदा बैराज से 1,31,337 क्यूसेक और सरयू बैराज से 4,553 क्यूसेक पानी शामिल है। इसके बाद नदी का जलस्तर देर शाम तक और बढ़ने की संभावना जताई गई है। फिलहाल एल्गिन ब्रिज पर घाघरा नदी खतरे के निशान से 28 सेंटीमीटर नीचे बह रही है।

**अब तक नहीं मिली कोई सरकारी मदद:** स्थानीय निवासी दिनेश यादव ने बताया कि पिछले वर्ष जलस्तर कम होने के बावजूद कटान हो रही थी, लेकिन इस बार जलस्तर बढ़ने के बाद कटान पहले से अधिक तेज है। उनका आरोप है कि अब तक किसी भी प्रभावित परिवार को सरकारी सहायता नहीं मिली है और न ही कोई अधिकारी मौके पर स्थिति का जायजा लेने पहुंचा है।

**प्रशासन का दावा: आकलन जारी:** गोण्डा के जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि कटान से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जा रहा है। जिन परिवारों को नुकसान हुआ है, उनका आकलन कर शासन की ओर से नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**कई और घर खतरे में:** ग्रामीणों का कहना है कि यदि कटान की रफ्तार नहीं थमी तो और कई घर नदी में समा सकते हैं। लोग अपने घर का सामान बांधकर पलायन की तैयारी में जुट गए हैं।

# कर्नलगंज में लाखों के जेवरात और नगदी चोरी, 3 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर

लोकतंत्र की आवाज



- चोरी की तहरीर को पुलिस ने डाला ठंडे बस्ते में, दर-दर भटक रहा पीड़ित

**करीम खान**

**गोण्डा।** कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात के तीन दिन बीत गए, लेकिन पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। इससे आहत पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। पीड़ित ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र एफआईआर दर्ज करके सख्त कार्रवाई करने और माल बरामदगी की मांग की है।

**छत के रास्ते घुसे चोर, उड़ाए जेवरात-नगदी:** मिली जानकारी के मुताबिक घटना थाना कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम गोरछहन पुरवा मौजा हीरापुर शाहपुर की 16 जुलाई 2026 की दरमियानी रात की है। यहां के निवासी विजय बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बिजली जाने के कारण वह, उसकी पत्नी व बहू घर के बाहर द्वार पर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुस गए और अंदर से दरवाजा व खिड़की बंद कर दिया। सुबह 4 बजे जब घर के अंदर गए तो देखा कि सभी कमरों के ताले टूटे थे। चोर बहू व पत्नी के बक्से उठा ले गए। बहू के बक्शे में सोने-चांदी के लगभग 9 थान आभूषण, व पत्नी के बक्शे मे पुराने जेवरात व 60 हजार रुपये नगदी रखे थे, वह चोरी कर ले गये। कुल नुकसान लगभग 15 लाख रुपये का बताया जा रहा है।

**17 जुलाई को दिया था प्रार्थना पत्र:** पीड़ित विजय बहादुर ने 17 जुलाई को ही कोतवाली कर्नलगंज में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के साथ ही गांव के छोटकऊ, पंकज व सुमित पर आशंका जताते हुए एफाईआर दर्ज कर माल बरामद करने की मांग की थी। लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पीड़ित का कहना है कि वह रोज थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

**परिवार में दहशत, न्याय की मांग:** चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद पूरे परिवार में दहशत का माहौल है। ऐसे में गंभीर सवाल यह उठता है कि लाखों की चोरी के बाद भी एफआईआर नहीं, तो आम आदमी कहां जाए?" पीड़ित परिवार ने मांग की है कि जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज कर चोरी का खुलासा किया जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। इस संबंध में जानकारी करने के लिए प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया, लेकिन उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कानपुर में सपा का प्रदर्शन, फूलबाग गांधी प्रतिमा पर बारिश में धरना



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर ने मंगलवार को फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान प्रशासन द्वारा गांधी प्रतिमा परिसर का गेट बंद कर ताला लगाए जाने के बावजूद सपा कार्यकर्ता बारिश में धरने पर डटे रहे और नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। बाद में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने एसीपी कोतवाली अमित कुमार पांडेय को ज्ञापन देकर अपनी मांगें रखीं। ज्ञापन में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के खिलाफ की जा रही कार्रवाई रोकने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कराने, प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा कानपुर की नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

# "ऑपरेशन रक्षा" के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर और होटलों में चला जागरूकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज



**करीम खान**

**गोण्डा।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मानव तस्करी एवं शोषण संबंधी अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से जनपद गोण्डा में संचालित 15 दिवसीय विशेष अभियान "ऑपरेशन रक्षा" के तहत मंगलवार को स्पा सेंटर, मसाज पार्लर और होटलों में सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत थाना एएचटीयू/एसजेपीयू, अपराजिता सामाजिक समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन गोण्डा की संयुक्त टीम ने थाना कोतवाली देहात एवं थाना धानेपुर क्षेत्र में संचालित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान स्पा सेंटर, मसाज पार्लर और होटल संचालकों के अभिलेखों का सत्यापन किया गया तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों की पहचान और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। संचालकों को निर्देशित किया गया कि बिना वैध पहचान पत्र और आवश्यक अभिलेखों के किसी भी व्यक्ति को रोजगार न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराएं।

संयुक्त टीम ने कर्मचारियों, संचालकों और आमजन को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ऐसे अपराधों से जुड़े कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। अभियान के दौरान लोगों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। जागरूकता पंपलेट वितरित कर लोगों से किसी भी प्रकार की तस्करी, शोषण या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

गोण्डा पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा "ऑपरेशन रक्षा" अभियान के माध्यम से मानव तस्करी, बाल शोषण और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता एवं प्रभावी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने दिखाई मानवता: सड़क पर पड़े घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

लोकतंत्र की आवाज



**करीम खान**

**कर्नलगंज, गोण्डा।** राजनीति से इतर जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कटरा बाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने सोमवार की रात सड़क हादसे में घायल एक युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया।

**चौरी चौराहे के पास हुआ हादसा:** जानकारी के अनुसार, सोमवार रात क्षेत्र भ्रमण पर निकले बैजनाथ दुबे जब चौरी चौराहे के पास पहुंचे तो उन्होंने सड़क किनारे एक युवक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा। घायल की पहचान विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार के ग्राम गुरसड़ा निवासी लक्ष्मण गौतम के रूप में हुई। वह भीषण सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। घटना देखकर पूर्व विधायक तुरंत अपने वाहन से नीचे उतरे। उन्होंने घायल लक्ष्मण गौतम को प्राथमिक उपचार दिलवाया और देर न करते हुए अपने निजी वाहन से उसे गोण्डा जिला अस्पताल रेफर कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि समय पर मदद मिलने से घायल की जान बच गई। अन्यथा देरी होने पर स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

**लोगों ने की सराहना:** पूर्व विधायक की इस मानवता भरी पहल की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि नेता सिर्फ भाषणों में नहीं, बल्कि मौके पर पहुंचकर मदद करें तो आमजन का भरोसा बढ़ता है।

# कर्नलगंज के नए एसडीएम बने कुमार सत्यम जीत और मनकापुर में उदित पवार की तैनाती

लोकतंत्र की आवाज

राजस्वकर्मियों ने किया स्वागत



**करीम खान**

**गोण्डा।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए और जनहित को देखते हुए दो नवागंतुक उपजिलाधिकारियों की तैनाती की गई है। कुमार सत्यम जीत को कर्नलगंज तथा उदित पंवार को मनकापुर का उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नियुक्त किया गया है।

**डीएम ने दिए बाढ़ तैयारियों के निर्देश, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की चेतावनी:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पीसीएस अधिकारी कुमार सत्यम जीत को कर्नलगंज का नया एसडीएम नियुक्त किया है। कार्यभार संभालते ही उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की तैयारियों की समीक्षा, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और तहसील प्रशासन को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर रहेगा विशेष फोकस:** जिलाधिकारी ने नए एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अधिकारियों, कर्मचारियों और लेखपालों के साथ तत्काल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करें। साथ ही, आगामी दिनों में संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों का लगातार निरीक्षण कर किसी भी समस्या का समय रहते समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि कर्नलगंज तहसील के कई गांव हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आते हैं। ऐसे में ग्रामीणों को पहले से जागरूक किया जाए और बाढ़ चौकियों की सक्रियता के साथ राहत एवं बचाव संबंधी व्यवस्थाओं का भी नियमित जायजा लिया जाए।

**इटावा में कार्रवाई के लिए रहे चर्चित:** कुमार सत्यम जीत तेजतर्रार पीसीएस अधिकारियों में से माने जाते हैं। बताया जाता है कि इटावा में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अवैध अतिक्रमण और भ्रष्टाचार के मामलों में कई बड़ी कार्रवाई कर सुर्खियां बटोरी थीं।

**फरियादियों की समस्याओं का होगा प्राथमिकता से समाधान:** कार्यभार ग्रहण करने के बाद कुमार सत्यम जीत ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना, आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और लंबित राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों का गंभीरता से निस्तारण करना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तहसील प्रशासन में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कर्नलगंज में हुआ स्वागत:** पदभार ग्रहण करने के बाद कुमार सत्यम जीत का कर्नलगंज तहसील में राजस्व टीम द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक राम बहादुर पाण्डेय और सदर लेखपाल विकास सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने फूल-माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। नए एसडीएम के आने से क्षेत्रवासियों और अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि उनके कार्यकाल में राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी आएगी और जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा।

# रायल पैराडाइज मैरिज हाल गोण्डा में सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



- कार्यक्रम में विधायक सदर, विधायक मेहनौन, डीएम तथा सीडीओ ने 433 नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक साथ 433 जोड़ों का विवाह हुआ सम्पन्न

**करीम खान**

**गोण्डा ।** मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत रायल पैराडाइज मैरिज हाल गोण्डा में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्ड व नगरपालिका परिषद/नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 526 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 433 जोड़ों का विवाह पूरी रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। जिसमें 405 जोडें का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ है तथा 28 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया। इस मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को रॉयल पैराडाइज मैरिज हॉल गोंडा में दो सिफ्टों में आयोजित किया गया है, इसमें 3 तहसील तथा 13 विकास खण्डों के लाभार्थी सम्मिलित हुये।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, सांसद गोंडा/ केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी वन्दना पाण्डेय, संबंधित खण्ड विकास अधिकारीगण तथा अन्य सभी जनप्रतिनिधिगण ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे वो चाहे किसी जाति व धर्म की हों। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 64000/- प्रति जोडे.के कन्या के खाते में दिया जाता है। शेष उपहार सामग्री दी जाती है। स्टील का डिनर सेट, प्रेशर कुकर, कड़ाही, कन्या को पांच साड़ी सेट, वर हेतु एक पैंट शर्ट, दीवाल घड़ी, सौन्दर्य प्रशासन किट आदि गृहस्थी का सम्मिलित होता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ममता वाहन संचालक ने लंबित भुगतान को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा




लोकतंत्र की आवाज़

साहिबगंज। जिले की विभिन्न ममता वाहन के संचालकों ने लंबित भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वाहन संचालकों ने बताया कि वर्ष 2023 से अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके कार्य का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वाहन संचालकों ने कहा कि समय पर भुगतान नहीं होने के कारण वाहन संचालन, चालक का वेतन, रखरखाव और अन्य खर्चों का वहन करना कठिन हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान कराने की मांग की।उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात संबंधित अधिकारी से हुई। अधिकारियों ने संचालकों को आश्वस्त किया कि मामला उनके संज्ञान में है और इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए भुगतान की दिशा में विचार किया जाएगा। ममता वाहन संचालकों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगा, ताकि वे बिना किसी आर्थिक बाधा के स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

### समस्तीपुर : एसिड कांड की स्वतंत्र जांच व अवैध बस स्टैंड हटाने की मांग



लोकतंत्र की आवाज

पूसा/समस्तीपुर। डॉ.राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा में हुए एसिड कांड की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने,घटना की विश्वविद्यालय से बाहर के स्वतंत्र उच्चस्तरीय विशेषज्ञों की टीम से स्वतंत्र जांच कराने,दोषियों पर कार्रवाई करने एवं विश्वविद्यालय की भूमि पर अवैध रूप से संचालित बस स्टैंड को हटाने की मांग को लेकर प्रतिरोध मार्च निकाला गया। प्रतिरोध मार्च पूसा के मानस मंदिर के निकट से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पोस्ट ऑफिस चौक की ओर मुख्य द्वार के सामने से माले कार्यकर्ता जा रहे थे कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों ने माले कार्यकर्ताओं को रोक दिया। जहां रूककर माले कार्यकर्ताओं ने कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहाँ पर सुरक्षा शाखा प्रभारी शिरीष कुमार को माले कार्यकर्ताओं ने अपना मांग पत्र सौंपा। इसके बाद मार्च गोलंबर होते हुए बैंक चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। मार्च का नेतृत्व भाकपा–माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड कमिटी सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह,अखिलेश सिंह,जितेंद्र राय,उषा देवी, मो.आले समेत मुकेश कुमार, मो.औसेद,सुनिता देवी, रागिनी देवी,रीता देवी, सुलेखा देवी,आरती देवी, निशा देवी,सुनेना देवी,अमर पासवान आदि मौजूद थे।

### सड़क पर लापरवाह तरीके से वाहन रखने पर पुलिस वाहनों को कर रही जप्त , दर्जन वाहनों का कटा चालान



लोकतंत्र की आवाज़

साहिबगंज। बरहेट बाजार की सड़कों पर नियमों की अनदेखी कर गलत तरीके से वाहन रखने वाले के विरुद्ध पुलिस सख्ती से पेश आ रही है । रोजाना पुलिस गश्ती के दौरान सड़कों पर नजर रखते हुए गलत तरीके से रखे वाहनों को जप्त कर रही है ।ओर वाहनों का चालान काटा जा रहा है ।पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से सभी वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है । इस मामले में राहगीर तथा लोग थाना प्रभारी की काफी प्रशंसा कर रहे हैं ।ओर लोगों को भी आवागमन के दौरान सड़क पर जाम न लगने से राहत मिल रही है ।लोगों का कहना है कि सड़कों पर टोटो , टेंपो तथा बाइक चालक लापरवाही कर वाहनों को लगा देते हैं ।जिससे अक्सर सड़कों में जाम लगने की समस्याएं उत्पन्न होती थी ।अब पुलिस की इस पहल से लोगों को काफी राहत मिली है ।थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने कहा कि कोई भी वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए सड़कों पर चले ।साथ ही वाहन चालक सड़कों पर गलत तरीके से वाहनों को ना लगाएं ।अन्यथा , ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

# सुपौल के पिपरा में दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, सीने में लगने से गंभीर रूप से घायल

लोक तंत्र की आवाज



**सुपौल।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार दी। वारदात झिरका नहर वार्ड संख्या-12 स्थित सड़क पर हुई, जहां पहले से घात लगाए अपराधियों ने युवक पर फायरिंग कर दी। गोली सीधे युवक के सीने में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।घायल की पहचान सुपौल के गौरवगढ़ निवासी भूमि यादव के 22 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार यादव के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि रंजीत अपने मामा रामानंद यादव के घर झड़का आया हुआ था। मंगलवार सुबह वह वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान झिरका नहर वार्ड संख्या-12 के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली उसके सीने में लगी, जबकि हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए।गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़े।स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल रंजीत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किशनपुर पहुंचाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए सदर अस्पताल, सुपौल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी बेहतर इलाज की आवश्यकता बताते हुए उसे हायर सेंटर भेज दिया गया।

इसके बाद परिजनों ने उसे सुपौल शहर स्थित अनंत प्रेरणा हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. कैलाश मिश्रा ने बताया कि युवक के सीने में गोली फंसी हुई थी। चिकित्सकों की टीम ने तत्काल ऑपरेशन किया और सफलतापूर्वक गोली निकाल दी। फिलहाल घायल की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही पिपरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पिपरा के प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि युवक को गोली लगने की सूचना मिलते ही पुलिस कार्रवाई में जुट गई। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को सुरक्षित रखा गया है और विभिन्न बिंदुओं पर जांच चल रही है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## महुली पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन, एसपी सैयद इमरान मसूद व एडीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं





लोकतंत्र की आवाज

**■ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मौके पर किया समस्याओं का समाधान**

**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**

**मुंगेर।** जिले के महुली पंचायत में प्रशासन की ओर से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद एवं अपर समाहर्ता (एडीएम) ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आम लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन करने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने भूमि, राशन, पेंशन, आवास, पेयजल, बिजली समेत अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

अधिकारियों ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके गांव में ही उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## यशवर्धन मिश्रा बने युवाओं के लिए प्रेरणा, मोकामा विधायक अनंत सिंह ने भी की खुब सराहना



लोकतंत्र की आवाज

**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**

**मुंगेर।** शिक्षित एवं समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित यशवर्धन मिश्रा दबे-कुचले लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी वजह से उनकी चर्चा और प्रशंसा न केवल मुंगेर बल्कि अन्य जिलों और राज्यों में भी हो रही है। आजकल सोशल मीडिया पर यशवर्धन मिश्रा चर्चा में हैं। मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह के साथ उनकी एक खास मुलाकात और बातचीत हुई, जिसमें विधायक जी ने भी उनके समाजसेवा के कार्यों की खुले दिल से सराहना की। यशवर्धन मिश्रा के पिता भी एक बड़े राजनीतिक पहचान रखते थे और मुंगेर की प्रगति व उन्नति के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। पिता के आदर्शों पर चलते हुए यशवर्धन मिश्रा भी समाजसेवा और जनहित के कार्यों में सक्रिय हैं। युवाओं के लिए यशवर्धन मिश्रा आज एक प्रेरणा बन चुके हैं।

## मुंगेर का GIS आधारित मास्टर प्लान होगा तैयार, आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**

**मुंगेर।** मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त एवं जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रेम सिंह मीणा (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में सोमवार को मुंगेर संग्रहालय सभागार में मुंगेर आयोजना क्षेत्र के GIS आधारित मास्टर प्लान के निर्माण को लेकर हितधारकों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में GIS आधारित मास्टर प्लान के उद्देश्य, कार्यक्षेत्र तथा प्रस्तावित योजना का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (PPT) के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य, सुरक्षा, रेलवे कनेक्टिविटी, जलापूर्ति, सड़क अवसंरचना, औद्योगिक क्षेत्र, शिक्षा, सीवेज लाइन, बैंकिंग, सिंचाई, बिजली आपूर्ति, यातायात, संचार, कृषि, पर्यटन, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा नए प्रस्तावित विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव और आवश्यक जानकारियां साझा कीं। आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि GIS आधारित मास्टर प्लान को समय पर तैयार करने के लिए आवश्यक आंकड़े एवं सूचनाओं का संग्रह कर एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मुंगेर, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मुंगेर आयोजना क्षेत्र एवं विकास प्राधिकरण-सह-नगर आयुक्त नगर निगम मुंगेर, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता (राजस्व) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह GIS आधारित मास्टर प्लान भविष्य में मुंगेर के सुनियोजित शहरी विकास, आधारभूत संरचना के विस्तार और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगा।

## श्रावणी मेले की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा, बाबा कुशेश्वरनाथ में पूजा के बाद अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**दरभंगा।** कुशेश्वरस्थान में आगामी श्रावणी मेले की तैयारियों का जायजा लेने जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी तथा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक साक्षी कुमारी संयुक्त रूप से पहुंचे। अधिकारियों ने सबसे पहले बाबा कुशेश्वरनाथ मंदिर में विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर और मेले की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग, बैरिकेडिंग, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, प्रकाश व्यवस्था और शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इसके पश्चात मंदिर न्यास कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष श्रावणी मेला सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

## बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर विद्युत उपकेंद्र के समक्ष प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज




**विभूतिपुर/समस्तीपुर।** बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर जनता तरस्त है। जिस समस्या के तहत प्रखंड के डीबीकेंएन कॉलेज नरहन से छात्र-युवाओ का जुलूस लो वोल्टेज की समस्या दूर करो, नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करो,बिजली कटौती पर रोक लगाओ,नए कनेक्शन के इच्छुक लोगों को कनेक्शन देने की व्यवस्था करो,सिंचाई के लिए किसानों को कनेक्शन अभिलंब दो,जर्जर तार को बदलो,बिजली पोल कि जहां-जहां जरूरत है पोल की व्यवस्था करो आदि नारे लगाते हुए नरहन पावर ग्रिड कार्यालय पहुंचा,जहां बिजली विभाग की मनमानी एवं कमजोरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं डीवाईएफआई अंचल अध्यक्ष अवधेश कुमार की अध्यक्षता एवं विद्यानंद विद्यार्थी के संचालन में एक सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेश कुमार ने बिजली विभाग से जुड़ी तमाम समस्याओं को अभिलंब पूरा करने की मांग किया। सभा को अंचल सचिव बबलू कुमार,संजय कुमार, अवनीश कुमार,विजय कुमार, एसएफआई नेता केशव झा, खेतिहर और मजदूर यूनियन के नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह,डॉ.विष्णु देव सिंह, शिवम कुमार, दीपक कुमार, प्रिंस कुमार,राम पुनीत वर्मा आदि ने संबोधित करते हुए समस्याओं के निदान की मांग की।वहीं प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के एसडीओ को मांग पत्र सौंपा।

## आवास योजना में धांधली के खिलाफ 25 जुलाई को प्रखंड-अंचल का घेराव

लोकतंत्र की आवाज



**ताजपुर/समस्तीपुर।** नगर परिषद क्षेत्र के मोतीपुर वार्ड संख्या 26 में दलित-गरीब जनसंवाद सह जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं में हो रही कथित अनियमितता एवं घूसखोरी की शिकायतें सामने रखीं। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ देने में व्यापक गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है। कई लाभार्थियों ने चयन प्रक्रिया में मनमानी,रिश्वतखोरी और पात्र लोगों को वंचित किए जाने की बात रखी। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं और 25 जुलाई को प्रस्तावित ताजपुर प्रखंड-अंचल घेराव आंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

किसान नेता ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह एवं ललन दास ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आवास योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए तथा दोषी अधिकारियों और बिचौलियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर खेग्रामस के सदस्यता अभियान के तहत 50 लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई।

## कर्ज के विवाद में चली गोली, दरभंगा पुलिस ने किया खुलासा

लोक तंत्र की आवाज



**■ बहेड़ी गोलीकांड में 4 आरोपी गिरफ्तार, दो बाइक और पांच मोबाइल बरामद; फरार आरोपियों की तलाश जारी**

**दरभंगा।** दरभंगा पुलिस ने बहेड़ी थाना क्षेत्र के चर्चित गोलीकांड का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई 2026 की रात ददरवाड़ा एवं निमौठी चौक के बीच चौधरी मोटर्स के पास निमौठी निवासी संजीव सिंह को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में बहेड़ी थाना कांड संख्या 521/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना की जड़ में तीन लाख रुपये के कर्ज और उसकी वसूली को लेकर उत्पन्न विवाद था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पहले ग्राम अनार में बैठक कर पूरी साजिश रची और फिर सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहम्मद आसिफ (बसडीहा, हायाघाट), अनमोल कुमार (चेला पचरुखी, कर्पूरीग्राम, समस्तीपुर), सोलित मंडल (चेलवा, सदर, दरभंगा) तथा मानस कुमार लाल (मनोरथा, एपीएम, दरभंगा) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से बिना नंबर प्लेट की लाल रंग की अपाचे मोटरसाइकिल, नीले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल तथा पांच मोबाइल फोन बरामद कर विधिवत जब्त किए गए हैं।

पूरे अभियान में थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक सूरज कुमार गुप्ता, डीआईयू प्रभारी अमृत कुमार, अनुसंधानकर्ता पु.अ.नि. अमित कुमार, पु.अ.नि. रौशन कुमार, तकनीकी शाखा के कर्मियों तथा बहेड़ी थाना की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दरभंगा पुलिस ने कहा है कि जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा फरार आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः डीएम और एसपी द्वारा सुगौली के विशुनपुरवा वार्ड नं 01 स्थित कटाव का निरीक्षण किया गया



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी पूर्वी चम्पारण।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला के वरीय अधिकारियों के साथ सुगौली अंचल के विशुनपुरवा वार्ड संख्या 01 स्थित कटाव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रमंडल ढाका के कार्यपालक अभियंता को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया गया। यहां पर अंचल अधिकारी सुगौली के द्वारा बताया गया कि सिकरहना नदी पुल के पास नदी का जलस्तर घट रहा है। वहीं निरीक्षण के समय सहायक समाहर्ता,सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सहित अंचल अधिकारी सुगौली और बाढ़ प्रमंडल ढाका के अभियंता सहित अन्य कर्मीगण मौजूद थे।

### सहरसा की बेटी शांभवी झा ने पटना में बिखेरा गायन का जादू



**सहरसा संवाददाता**
**कहरा** प्रखंड के चैनपुर गांव तथा डॉ. रहमान चौक निवासी पंडित तरुण झा की पुत्री शांभवी झा ने राजधानी पटना के सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित 'मंगल पाण्डेय केवल सच सम्मान-2026' समारोह में अपनी मधुर गायन प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शांभवी के गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति की विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, कला, संस्कृति एवं खनन मंत्री प्रमोद कुमार, शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी, सहरसा विधायक आई.पी. गुप्ता, संपादक ब्रजेश मिश्रा एवं नीलेन्दु झा सहित कई गणमान्य लोगों ने सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शांभवी, कोशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं ब्रज किशोर मंगल पाण्डेय केवल सच सम्मान-2026' समारोह में प्रस्तुति से मंत्रियों व गणमान्य लोगों की बटोरी सराहना ज्योतिष संस्थान के संस्थापक पंडित तरुण झा तथा वरिष्ठ कवयित्री अंजु झा की पुत्री हैं। उनके संगीत गुरु प्रो. गौतम सिंह एवं भारती सिंह ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि शांभवी झा इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों तथा विभिन्न सांस्कृतिक महोत्सवों में अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोर चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि से चैनपुर गांव सहित पूरे सहरसा जिले में हर्ष का माहौल है।

### ऑपरेशन नया सवेरा-3.0 के तहत बगहा पुलिस का जागरूकता अभियान जारी



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा पुलिस द्वारा 18 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक चलाए जा रहे "ऑपरेशन नया सवेरा-3.0" के तहत जन-जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बगहा के नेतृत्व में रामनगर थाना क्षेत्र स्थित राजकीय पार्वती कन्या मध्य विद्यालय में मानव व्यापार निरोध इकाई (अल्ळव) की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसे गंभीर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूपों, इससे बचाव के उपायों तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी होना प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को बताया गया कि यदि कहीं भी मानव तस्करी, बाल श्रम अथवा कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत मानव व्यापार निरोध इकाई (अल्ळव), निकटतम थाना या बगहा पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। समय पर दी गई सूचना से कई लोगों को अपराध का शिकार बनने से बचाया जा सकता है। बगहा पुलिस विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से जिलेभर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। अभियान का उद्देश्य समाज में मानव तस्करी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोगों को सतर्क करना तथा अपराधों की रोकथाम में जनसहभागिता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) तथा मानव व्यापार निरोध इकाई (अल्ळव) की टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करें।

# सहरसा : मोहनपुर में आयोजित सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, 60 मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत स्थित हरियो मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पंचायत के विभिन्न वार्डों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, बिजली, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, मनरेगा एवं पंचायत राज समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शिविर की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया संजीव जायसवाल चौधरी ने की, जबकि संचालन लोजपा (रामविलास) के प्रखंड अध्यक्ष फुलेश्वर रजक ने किया। शिविर के दौरान कुल 60 मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर में सबसे अधिक आवेदन भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, जल निकासी, सड़क निर्माण एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े प्राप्त हुए। अधिकारियों ने संबंधित आवेदनों की जांच कर कई मामलों का तत्काल समाधान किया, जिससे लाभुकों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर बीडीओ मोहन कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं का समय पर समाधान कराएं। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। कई लाभुकों ने बताया कि वर्षों से लंबित उनकी समस्याओं का समाधान होने से उन्हें काफी राहत मिली है। लोगों ने भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। इस मौके पर डीसीएलआर रितु शर्मा, बीडीओ कार्यक्रम पदाधिकारी भोला दास, सरपंच योगेंद्र साह, भाजपा नेता संजीव भगत, सत्तो साह उर्फ गुरुजी, उपमुखिया चंदन साह, रघुनाथ कुमार, वार्ड सदस्य मानटून यादव, पपलेश पासवान, नीतीश पासवान, दानी प्रसाद गुप्ता, रामकरण साह, शिबू साह, हरिलाल तांती, कैलाश सादा, रामलखन पासवान, पिंटू शाह, विजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सहयोग शिविर में एसडीओ के द्वारा वितरण किया प्रमाण पत्र



लोकतंत्र की आवाज

**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर ( सहरसा)।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सलखुआ प्रखंड के कोपरिया एवं मोबारकपुर में मंगलवार को पंचायत के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के लिए प्रखंड के दो पंचायत कोपरिया व मोबारकपुर में सहयोग शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विभिन्न समस्याओं, सुझाव व शिकायतों को लेकर बड़ी संख्या में महिला - पुरुष ग्रामीण की भीड़ जुटी। कोपरिया पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन एसडीओ आलोक राय, बीडीओ वीरेंद्र कुमार, सीओ रवि कुमार, मुखिया अमृता कुमारी वहीं मोबारकपुर पंचायत में बीडीओ वीरेन्द्र कुमार, मुखिया नाजरा प्रवीण आदि ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पूर्व से प्राप्त आवेदन के निष्पादन व सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों के काउंटर पर प्राप्त मामलें का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में वृद्धजन पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदन का अधिकारियों ने मौके पर ही निष्पादन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि कोपरिया में पूर्व से प्राप्त 75 मामलें एवं मोबारकपुर में पूर्व से प्राप्त 101 मामलें का पहले ही शत प्रतिशत निष्पादन कर दिया गया, शेष शिविर में प्राप्त नए मामलें की निष्पादन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि शिविर में पंचायत के ग्रामीण अपनी समस्या, शिकायत, मांग अथवा सुझाव लेकर आये जिसका मौके पर ही निष्पादन किया गया। मौके पर कोपरिया सहयोग शिविर में बीपीआरओ कैलाश पासवान, कृषि पदाधिकारी अभिजीत कुमार, पीओ शमशुल जुहा, जीविका बीपीएम पवन कुमार, अपर थानाध्यक्ष बबलू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार उर्फ भिनसी, मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद मशीर सहित अन्य मौजूद रहे।

## मोतिहारीः जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रक्सौल के बाटा चौक का निरीक्षण किया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रक्सौल के साथ, रक्सौल के बाटा चौक का निरीक्षण किया गया। यहां पर जाम की समस्या नहीं रहे इसको लेकर सभी जरूरी कदम उठाने पर विमर्श किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सड़क के आस पास का अतिक्रमण शीघ्र हटवाया जाय।समय-समय को पथों को अतिक्रमण मुक्त करने के लेकर अवैध रूप से खड़ी वाहनों से लगातार फाइन वसूली का अभियान चलाया जाय। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ट्रैफिक ड्यूटी पर जो सिपाही रहेंगे वह ट्रैफिक वर्दी में रहेंगे और सभी वाहनों को यातायात नियम एवं रोड सेफ्टी के साथ चलने का निर्देश देंगे। उन्होंने कहा कि जरूरी पड़े तो यातायात पुलिस ट्रॉली भी लगाया जाय।

## रामगढ़वा प्रखंड के रामगढ़वा में आयोजित सहयोग शिविर में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की शिरकत

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** रामगढ़वा प्रखंड अंतर्गत रामगढ़वा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सहयोग शिविर में खुद शिरकत की एवं आम जनों से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। इस दौरान जिला के शीर्ष पदाधिकारीगण के द्वारा आम जनों से मिलकर सहयोग शिविर की व्यवस्था, उसके संचालन एवं पदाधिकारी द्वारा लोगों से मिलने के विषय तथा आम जनों के संतुष्ट होने की जानकारी प्राप्त की गई। सहयोग शिविर के पांचवे चरण अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिला में मंगलवार को कुल 71 पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।रामगढ़वा में आयोजित शिवर शिरकत कर डीएम और एसपी के द्वारा सहयोग शिविर में आए आमजन से संवाद स्थापित किया गया और शिविर के महत्व को बताया। डीएम ने कहा कि आपको अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराना होगा और तत्पर रहना होगा। ₹सहयोग शिविर₹ पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के द्वारा बनाई गई एक समुचित व्यवस्था है जहां पर लोग अपनी समस्याओं को रख रहे हैं और उसका समाधान करा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का 10 दिन के अंदर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा समाधान नहीं किए जाने पर स्वतःही स्पष्टीकरण हो रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़वा के द्वारा बताया गया है कि रामगढ़वा प्रखंड में आयोजित सहयोग शिविर में आज कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 121 का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया।

## मोतिहारीः सदर प्रखंड के सिरसा माल और ढेकहा पश्चिमी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का उप विकास आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
सहयोग शिविर के पांचवे चरण अंतर्गत सदर मोतिहारी प्रखंड के सिरसा माल और ढेकहा पश्चिमी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का मंगलवार को उप विकास आयुक्त के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहयोग शिविर के संचालन का जायजा लिया गया। उन्होंने शिविर के महत्व को बताया एवं कहा कि प्रशासन खुद चलकर जनता के दरवाजे तक आई है अब आम लोगों का यह फर्ज है की अपनी समस्या का समाधान करने के लिए आगे आयें। उन्होंने यह भी बताया कि सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी दिया जा रहा है साथ ही आयोजित होने वाले सहयोग शिविर से पहले वहां लगाए गए कैंप में भी आवेदन लिया जा रहा है जिसका एक माह के अंदर निष्पादन किया जाना अनिवार्य किया गया है। उनके द्वारा आम जन का आह्वान किया गया की अधिक से अधिक संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आएं। जिला प्रशासन उसके समाधान के लिए बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है। शिविर में बेहतर व्यवस्था के लिए उप विकास आयुक्त ने सदर प्रखंड के पदाधिकारीगण को भी धन्यवाद दिया। यहां पर मेडिकल टीम कार्यरत थी। मेडिकल टीम के सभी सदस्यों को उनके अच्छे कार्यों के लिए उप विकास आयुक्त ने धन्यवाद दिया। मेडिकल टीम के द्वारा यहां पर 65 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं जरूरी दवाइयां का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सदर मोतिहारी एवं प्रखंड के अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मिंगण उपस्थित थे।

## बगहा : रेलवे पुल पर मिला दुर्लभ फिशिंग कैट का शव, रेस्क्यू अभियान के बाद भी नहीं बच सकी जान

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा नगर क्षेत्र में दुर्लभ वन्यजीव फिशिंग कैट (मछली पकड़ने वाली बिल्ली) का शव रेलवे पुल पर मिलने से वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। विकास वैभव चौक पर फिशिंग कैट देखे जाने की सूचना पर समाजसेवी गजेंद्र यादव ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और देर रात करीब 11 बजे तक फिशिंग कैट की तलाश में अभियान चलाया। काफी प्रयास के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद टीम ने सुबह दोबारा खोजबीन करने की बात कहकर अभियान समाप्त कर दिया। मंगलवार सुबह करीब छह बजे सूचना मिली कि नरकटियागंज-बगहा रेलखंड के तिरहुत नहर स्थित रेलवे पुल संख्या-349 पर कौए मंडरा रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर पुल पर फिशिंग कैट का शव पड़ा मिला। इसकी जानकारी तत्काल वन विभाग को दी गई। विभाग की टीम ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम समेत अन्य कार्रवाई के लिए भेज दिया। रेलवे पुल पर शव बरामद करने और रेस्क्यू अभियान चलाना काफी चुनौतीपूर्ण रहा। ट्रेनों के आवागमन को देखते हुए बगहा रेलवे स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई, जिसके बाद आरपीएफ जवान भी मौके पर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच वन विभाग की टीम ने कार्रवाई पूरी की। इस दौरान पुल पर फिसलन और कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए रेस्क्यू टीम के दो वनकर्मी घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। प्रारंभिक जांच में फिशिंग कैट की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वन विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना ने शहरी क्षेत्रों में भटककर आने वाले दुर्लभ वन्यजीवों की सुरक्षा और रेलवे ट्रैक के आसपास वन्यजीव संरक्षण को लेकर चिंता बढ़ा दी है। वन विभाग पूरे मामले की जांच में जुटा है।

## व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए डीएम की अध्यक्षता में जिला बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान की प्रगति एवं कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्वी चंपारण जिले में को सुदृढ़ करना, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा स्थानीय व्यापारियों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाना और जिले में नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करना था। बैठक के प्रमुख निर्णय एवं निर्देशः सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को डीबी आरएपी के अंतर्गत अपने-अपने विभाग का एक्शन प्लान शीघ्र तैयार कर समेकन एवं अग्रेतर कार्रवाई हेतु जिला उद्योग केंद्र मोतिहारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। राजस्व उद्योग, नगर निगम, अग्निशमन श्रम एवं विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को व्यवसाय से जुड़े सभी आवेदन एवं समयबद्ध निष्पादन केवल के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।विभिन्न ट्रेड लाइसेंस, भवन नक्शा स्वीकृति, भूमि म्यूटेशन एवं विद्युत कनेक्शन से संबंधित आवेदनों में सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक विलंब पर उत्तरदायित्व तय करने के निर्देश दिए गए। प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण, पारदर्शिता तथा ऑनलाइन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया, ताकि उद्यमियों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। जिला उद्योग केंद्र, मोतिहारी में संचालित को नए निवेशकों एवं स्थानीय उद्यमियों के लिए और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहाः हमारी प्राथमिकता पूर्वी चंपारण को एक पारदर्शी, सुगम एवं निवेशक-अनुकूल जिला बनाना है। डीबीआर एपी के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा रहा है, जिससे छोटे एवं बड़े सभी उद्यमियों को व्यवसाय स्थापित करने और विस्तार करने में सुविधा प्राप्त हो।''बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला जन संपर्क अधिकारी, श्रम अधीक्षक, विद्युत विभाग, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, भू-अभिलेख विभाग सहित विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बलवाहाट में अपराध की साजिश रच रहा युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** सिमरी बख्तियारपुर पुलिस सर्किल क्षेत्र के बलवाहाट थाना पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके घर की तलाशी के दौरान एक कट्टा बरामद किया। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। मंगलवार को बलवाहाट थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि सोमवार की शाम बलवाहाट थाना के सहायक अवर निरीक्षक (सअनि) रंजीत कुमार झा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि शंकरपुर गांव के फकीरना टोला वार्ड नं 6 में एक व्यक्ति हथियार के साथ मौजूद है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही एक युवक घर से निकलकर भागने लगा। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। एसडीपीओ ने बताया कि पकड़े गए युवक के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान घर में रखे ड्रेसिंग टेबल से एक कट्टा बरामद हुआ। हथियार बरामद होने के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### औरंगाबाद : उपहारा क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक घर से नकद समेत ढाई लाख के जेवरात पर किया हाथ साफ



**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,**
**गोह (औरंगाबाद)** उपहारा थाना क्षेत्र के अमारी पंचायत स्थित रघुनाथ बिगहा गांव में सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर 20 हजार रुपये नकद और करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित रामाधार यादव ने बताया कि मंगलवार तड़के करीब दो बजे उनकी बहू के जागने पर घर का सामान बिखरा मिला और बक्से का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर बक्से में रखे नकद रुपये के अलावा मंगलसूत्र, नथिया, पायल, बाली, झुमका समेत अन्य आभूषण गायब मिले। सूचना पर मंगलवार सुबह उपहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित व आसपास के लोगों से पूछताछ की। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की वारदातों का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गोह पुलिस ने वृद्ध की हत्या में शामिल चार आरोपियों को 72 घंटे में किया गिरफ्तार



**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,**
**गोह (औरंगाबाद)** गोह थाना क्षेत्र के घाटों गांव में जमीनी विवाद में हुई वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 72 घंटे के भीतर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने प्रेसवार्ता में बताया कि 19 जुलाई को घाटों गांव निवासी 65 वर्षीय किशोरी साव पर जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की गई थी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी घटना के संबंध में मृतक की पत्नी दुलारीया देवी के ब्यान पर गोह थाना में कांड संख्या 186/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) टीम का गठन किया गया। टीम में गोह थानाध्यक्ष राजीव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रवींद्र कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे। एसआईटी ने लगातार छापेमारी कर मामले में नामजद चारों आरोपितों सीताराम साव, लालबाबू साव, मनीष कुमार और संतोष साव को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सभी आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है तथा आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान फॉलोअप दिवस पर 15 गर्भवतियों की जांच, 4 को दी गई विशेष थेरेपी



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला (नवादा):** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के फॉलोअप दिवस पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 15 गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार के नेतृत्व में मध्यम एवं गंभीर एनीमिया से पीड़ित चार गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज एवं फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (एफसीएम) थेरेपी उपलब्ध कराई गई। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की नियमित निगरानी, समय पर उपचार, रजिस्टर संधारण तथा प्रभावी काउंसलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से अभियान को गंभीरता से संचालित करने और प्रत्येक पात्र गर्भवती तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार सुमन, स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार, डीसीएम राजमणि कुमार, ओमप्रकाश सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# वारिसलीगंज पुलिस ने लूटकांड के आरोपी और एक साइबर ठग को दबोचा

## पांच घंटे में लूटकांड का खुलासा, देर रात छापेमारी कर फर्जी सिम के साथ साइबर अपराधी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर लगातार दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ओर लूटकांड के आरोपी को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी ओर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को भी दबोच लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने महत्वपूर्ण बरामदगी करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले मामले में 20 जुलाई 2026 को विपिन कुमार, पिता जानकी प्रसाद, निवासी बलवापर ने वारिसलीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि 15 जुलाई की रात अलीगंज स्थित अपने किचन किंग फैमिली रेस्टोरेंट से लौटने के दौरान लोदीपुर और मोसमा के बीच पक्की सड़क पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर लूटपाट की। आवेदन के आधार पर वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 503/26 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज होने के महज पांच घंटे के भीतर नामजद आरोपी शिवम कुमार पिता मनी सिंह, निवासी ठेरा, थाना वारिसलीगंज को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट की राशि में से 1,000 रुपये नकद तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है तथा उसके विरुद्ध वारिसलीगंज थाना में पूर्व से गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

इसी क्रम में 21 जुलाई की मध्य रात्रि साइबर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गोड़ापर गांव में मिथुन रविदास के घर के समीप छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अविनाश कुमार (21 वर्ष) पिता कैलाश मांझी, निवासी गोड़ापर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल और एक फर्जी सिम बरामद किया गया।आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बजाज फाइनेंस, रिलायंस फाइनेंस समेत विभिन्न वित्तीय संस्थानों के नाम पर ग्राहकों को लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। इसके लिए ग्राहक का नाम, पता और मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध डाटा का इस्तेमाल कर लोगों से संपर्क किया जाता था और प्रोसेसिंग शुल्क या अन्य बहाने से रुपये की ठगी की जाती थी। इस संबंध में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 505/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता एवं आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।दोनों मामलों की कार्रवाई में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।लूटकांड के खुलासे में अखिलेश्वर सिंह एवं मनोज कुमार राय शामिल रहे, जबकि साइबर अपराध के मामले में कुमारी शशिकला सिन्हा, मनोज कुमार राय तथा पप्पू कुमार ने छापेमारी अभियान में भाग लिया।पुलिस के इस अच्छे कार्य से वारिसलीगंज की जनता खुश है।

# मोसमा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, 30 में 22 आवेदन का निष्पादन



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड के मोसमा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए और अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपनी शिकायतें रखीं।शिविर में राजस्व, पंचायत, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई।ग्रामीणों ने राशन कार्ड, भूमि संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रमाण पत्र, पंचायत एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए।प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 22आवेदन प्राप्त हुए। पूर्व में प्राप्त 30आवेदनो में 22का निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा सभी आवेदनों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य आम लोगों को प्रखंड और जिला मुख्यालय का चक्कर लगाए बिना एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

शिविर के दौरान अधिकारियों ने लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही योजनाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन देने की सलाह दी। कई लोगों को मौके पर ही आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया,जिससे उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया समझने में सुविधा हुई।कार्यक्रम में मुखिया रेणु देवी, प्रतिनिधि अजीत यादव सहित सबंधित कर्मी मौजूद थे।

# सोमनाथ स्वाभिमान महापर्व यात्रा के लिए दाउदनगर से जत्था रवाना

लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**



दाउदनगर (औरंगाबाद)। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान महापर्व (1000 वर्ष) के उपलक्ष्य में दाउदनगर से श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों का एक जत्था सोमनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा में ओबीसी जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार, जिला महामंत्री ब्रजेश गुप्ता, प्रदेश प्रभारी अभय चंद्रवंशी, जिला मंत्री इंदल चंद्रवंशी, महिला जिला उपाध्यक्ष अनिता सिंह, एससी-एसटी जिला अध्यक्ष अरविंद पासवान, जिला महामंत्री सुनील पासवान, लोजपा (रा.) ओबरा प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार, लोजपा (रा.) दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष रमेश पासवान, रालोमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री गुड़िया सिंह, रालोमो महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री संगीता गुप्ता, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, जदयू जिला महासचिव उमाशंकर सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व सभी ने भगवान सोमनाथ के दर्शन एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए यात्रा के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

# सवैयाटांड़ सपही पंचायत सरकार भवन में लगा सहयोग शिविर, कुल 64 आवेदनों में से 16 का हुआ निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**



रजौली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सवैयाटांड़ पंचायत के सपही स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किए। इस शिविर की संपूर्ण गतिविधियों की जानकारी देते हुए बीडीओ संजीव झा ने बताया कि शिविर के आयोजन से एक दिन पूर्व तक कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 16 मामलों का सफल निष्पादन कर दिया गया था, जबकि आज शिविर के दौरान कुल 32 नए आवेदन प्राप्त हुए और आज प्राप्त हुए आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार आगे की प्रक्रिया के तहत निष्पादन किया जाएगा, जिससे कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या बढ़कर 64 हो गई है और इनमें से 16 का निष्पादन सुनिश्चित किया जा चुका है। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 23 जिम्मेदार पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे जिन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुना और अंचल कार्यालय, पुलिस विभाग, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन, कृषि, राजस्व, विद्युत तथा सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य विभागों से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सीधे पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराना है ताकि आम जनता को छोटी-छोटी शिकायतों के लिए प्रखंड मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें और आज के इस शिविर से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है तथा शेष बचे हुए मामलों पर भी संबंधित विभागों द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित निष्पादन के लिए निर्देशित किया गया है।

# सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़, 15 शिकायतें दर्ज, 3 आवासीय मामलों का मौके पर निष्पादन, शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए हर वार्ड में लगेगा शिविर

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**



रजौली नगर पंचायत रजौली के वार्ड 12 स्थित मथुरासिनी महाविद्यालय में सोमवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निपटारा किया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता कौसर इमाम की अध्यक्षता और नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार के देखरेख में लगे इस शिविर में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 8 आवेदन, नगर विकास एवं आवास विभाग को 3 आवेदन, नाली-गली योजना, साफ-सफाई आदि से संबंधित 2 आवेदन एवं वृद्धा पेंशन के 2 आवेदन प्राप्त हुआ है। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही कि आवास योजना से संबंधित 3 शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शिविर में वार्ड 12 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि इरफान आलम उपस्थित रहे। नगर पंचायत के विभिन्न विभागों के कर्मी अपने-अपने स्टॉल पर बैठकर शिकायतों का पंजीकरण, ऑनलाइन एंट्री और समाधान में जुटे रहे। भूमि सुधार उप समाहर्ता कौसर इमाम ने कहा कि आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए प्रशासन द्वारा प्रत्येक वार्ड में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं लेकर शिविर में आएं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर निर्धारित समय सीमा में निष्पादन कराया जाएगा।

# औरंगाबाद : पटना एनएच-139 की फोरलेन निर्माण को लेकर विधायकों ने पथ निर्माण मंत्री से की मुलाकात

लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-139 के फोरलेन निर्माण की मांग को लेकर ओबरा विधानसभा क्षेत्र के लोजपा (रामविलास) विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने बिहार विधानसभा सत्र के दौरान पथ निर्माण मंत्री से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान औरंगाबाद जिला के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, गोह विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा एवं अरवल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक मनोज शर्मा ने भी फोरलेन निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायकों ने अपने क्षेत्र की सड़कों की वर्तमान स्थिति, बढ़ती दुर्घटनाओं और क्षेत्र के विकास की जरूरतों को देखते हुए परियोजना को शीघ्र गति देने का आग्रह किया। विधायक ने बताया कि इससे पूर्व उन्होंने पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाल से भी दूरभाष पर बातचीत कर परियोजना से जुड़ी तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर चर्चा की थी। उन्होंने विभाग से भूमि अधिग्रहण, डीपीआर एवं अन्य औपचारिक प्रक्रियाओं को जल्द पूरा कर निर्माण कार्य शुरू कराने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान पथ निर्माण मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि परियोजना में आ रही तकनीकी बाधाओं का शीघ्र समाधान कर फोरलेन निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।डॉ. प्रकाश चंद्र ने कहा कि एनएच-139 क्षेत्र की महत्वपूर्ण जीवनरेखा है और इसका फोरलेन निर्माण क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग है। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण से दुर्घटनाओं में कमी आएगी, आवागमन सुगम होगा तथा व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक फोरलेन निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो जाता, तब तक उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# साइबर अपराध से जुड़े परिवारों का हो सामाजिक बहिष्कार: डीएम

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-साइबर अपराधों से आम लोगों को बचने के उद्देश्य से मंगलवार को एसएन सिन्हा कॉलेज के सभागार में ₹साइबर स्मार्ट जन जागरूकता अभियान₹ का आयोजन कर शुरुआती में इससे बचने की कई तरकीबें बताई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवादा डीएम रवि प्रकाश ने कहा की बिहार में नवादा नालंदा और शेखपुरा साइबर अपराध का मुख्य स्थल बना हुआ है जिसमें वारिसलीगंज हॉटस्पॉट का रूप लेकर राज्य नहीं बल्कि देश में प्रथम स्थान की दहलीज पर खड़ा है। उन्होंने खासकर बुद्धिजीवियों शिक्षाविदों और प्रबुद्धजनों से इस दिशा में आगे बढ़कर इसके रोकथाम में योगदान करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर फ्रॉड से जुड़े युवाओं के परिवार को चिन्हित कर उन्हें सामाजिक बहिष्कार करने की जरूरत है नहीं तो आने वाला भविष्य बहुत ही बुरा संदेश लाऐगा। इस विशेष अभियान में उपस्थित नवादा एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि साइबर अपराधियों का देश में सबसे चर्चित स्पोर्ट झारखंड के जामताड़ा को चिन्हित किया गया था लेकिन अब यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि वारिसलीगंज जामताड़ा को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंन साइबर फ्रॉड का शिकार हुए लोगों से 1930 पर कॉल कर इससे बचने का उपाय बताते हुए यह भी कहा कि बैंक खाते से उड़ाई गई राशि अपराधियों के सुरक्षित खाते प्रवेश करने का समय तकरीबन तीन से चार घंटे का वक्त निहित है इस बीच पीड़ित व्यक्तियों के लिए यह कॉल इस प्रकार काम करता है जिस तरह किसी मरीज को बचाने के लिए शुरुआती दवा का किया जाना होता है। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साइबर डीएसपी मोहम्मद शाहनवाज ने विशेष तौर




पर लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लालच, डर और जल्दबाजी का फायदा उठाकर ठग/लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक, ओटीपी, बैंक या सरकारी अधिकारी बनकर आए फोन पर भरोसा न करें। साइबर डीएसपी मोहम्मद शाहनवाज ने कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण टॉपिक पर जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कस्टमर केयर, लॉटरी, नौकरी के नाम पर ठगी, फर्जी यूपीआई और क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग और एआई के जरिए होने वाली ठगी के साथ इस्लामिक बैंकिंग से लोन के अलावा बांझपन से जूझ रही महिलाओं को माता बनाने का झांसा के नाम पर की जा रही ठगी से बचने के तौर तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो जाए तो घबराएं नहीं, तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या ँ३३स्र://ूटी१ू१ी.ऋड्ड५.ल्ल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए। 24 घंटे के अंदर शिकायत करने पर पैसे वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं वारिसलीगंज थाना अध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने कहा कि उनके सेवा काल से अब तक तकरीबन 354 साइबर अपराधियों को पकड़ा जा चुका है जिससे इस ठगी धंधे में लिप्त युवाओं के मनोबल में काफी ह्रास हुआ है। जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों का स्वयं उपस्थित होकर जनजागृत अभियान किये जाने की सराहना की जा रही है। शहर के चर्चित विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कॉलेज प्रशासन ने इस तरह की जागरूकता कार्यक्रम को लगातार चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अफसढ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिंह पूर्व विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार बीपीएस स्कूल के संचालक परमानंद समाजसेवी सतीश कुमार चकवाय मुखिया मृत्युंजय कुमार। सहित सैकड़ो गणमान्य उपस्थित थे।

# दाउदनगर में लोजपा (रामविलास) की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** प्रखंड मुख्यालय स्थित दूधेश्वर नाथ पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की दाउदनगर प्रखंड इकाई की बैठक धीरज पासवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी के विस्तार एवं जनसंपर्क अभियान में धीरज पासवान लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि 7 जुलाई 2026 को ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके लिए कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सोनू सिंह से धीरज पासवान को औपचारिक रूप से सम्मानित करने की मांग की। साथ ही सर्वसम्मति से उन्हें लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही संभव है। पंचायत स्तर पर नई टीमों का गठन, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने और हर पंचायत में नियमित बैठक आयोजित करने पर भी सहमति जताई।बैठक में शामिल महेंद्र पासवान, मंजू वर्मा, मृत्युंजय पासवान, उमेश पासवान, संतोष पासवान, रामाशीष पासवान, बिजेंद्र पासवान, मंतोष पासवान, अशोक पासवान, अनिल पासवान, नन्हे पासवान, अभिषेक पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र


## संक्षिप्त खबरें ।

### काराकाट में निवर्तमान बीईओ को भावभीनी विदाई, नवपदस्थापित बीईओ का हुआ सम्मान

लोकतंत्र की आवाज

काराकाट। प्रखंड मुख्यालय स्थित लर्निंग सेंटर, गोडारी में मंगलवार को निवर्तमान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) मनोज कुमार के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह तथा नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार ने की, जबकि संचालन प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने निवर्तमान बीईओ मनोज कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके शिक्षा क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नवपदस्थापित बीईओ अरविंद कुमार का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। उपस्थित शिक्षकों एवं अधिकारियों ने उनसे शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर बिक्रमगंज के बीईओ रोहित कुमार, डीडीओ गोडारी लालमोहर राम, डीडीओ नासरीगंज बिंदु कुमार, प्रधानाध्यापक राजनाथ राम, सुशील गुप्ता, काशीनाथ राम, जाकीर हुसैन, पूर्व मध्यान्ह भोजन पदाधिकारी अनिल कुमार, पूर्व लेखापाल, एमडीएम प्रभारी संतोष कुमार, लेखापाल रविकांत, मजहर हुसैन, जावेद अंसारी, रजनीकांत तिवारी, सुधीर पाण्डेय, आविद हुसैन, प्रेम रंजन, अनिल कुमार पासवान, किशु कुमार सिंह, बीरेंद्र कुशवाहा सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों ने निवर्तमान एवं नवपदस्थापित बीईओ को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट में चार गिरफ्तार, भेजे जेल



लोकतंत्र की आवाज

कोचस। थाना क्षेत्र के बहोरनापुर गांव में रविवार को पूर्व से चली आ रही जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, इस मामले में कोचस पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए एस आई राहुल कुमार ने बताया कि बहोरनापुर निवासी बीरेंद्र सिंह एवं रामप्रताप सिंह के परिवार के बीच पुरानी जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षो द्वारा मारपीट करने की नौ लोगों पर प्राथमिकी कराई गयी है। एसआई ने बताया कि एक पक्ष के तीन लोगों रामप्रताप सिंह, भोला सिंह एवं रमाकांत सिंह एवं दूसरे पक्ष के प्रिन्स कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बाकी फरार लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी शुरू कर दी है।

### पुलिस को देख भागने के दौरान छत से गिर गांजा तस्कर हुआ घायल, इलाजरत

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। बीती रात कोचस नगर पंचायत के वार्ड 5 के एक मकान मे एसटीएफ और थाने की संयुक्त छापेमारी मे भागने के दौरान छत से गिर गांजा तस्कर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल गांजा तस्कर कोचस वार्ड 5 निवासी कृष्ण चंद्र साह बताया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए डीएसपी टू संजीव कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व डेहरी मे एक कटहल लदे पिकअप से लगभग 500 किलो ग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया था, जिसमें पुलिसिया पूछ ताछ के दौरान चालक ने कोचस वार्ड नंबर 5 निवासी कृष्णा चंद्र साह को उक्त तस्करी मे संलिप्तता बताया था जिसके निशानदेही पर पुलिस कृष्ण चंद्र साह को गिरफ्तार करने के फिराक में थी, वहीं तस्कर की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम गठित की गई जिसमें एसटीएफ की टीम तथा कोचस थाने के संयुक्त कार्रवाई मे तस्कर के घर बीती रात छापेमारी की गई, तभी पुलिस को देख भागने के दौरान तस्कर छत से गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे पुलिस के द्वारा आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने हाथ पैर टूटने तथा शरीर में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया है, जहां घायल तस्कर की चिकित्सकों की देखरेख में उपचार चल रही है। वहीं पुलिस कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

### इंद्रपुरी पुलिस ने दो कांडों के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

लोकतंत्र की आवाज

डेहरी। इंद्रपुरी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों के चार प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने बताया कि इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 129/26 के प्राथमिकी अभियुक्त श्री भगवान शर्मा एवं ललन शर्मा, दोनों पिता रामस्वरूप शर्मा, ग्राम भलुवारी, थाना इंद्रपुरी, जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 130/26 के प्राथमिकी अभियुक्त दीपक कुमार उर्फ दीपक कुमार शर्मा (26 वर्ष), पिता राजेंद्र शर्मा तथा राजेंद्र शर्मा, पिता रामस्वरूप शर्मा, निवासी ग्राम भलुवारी, थाना इंद्रपुरी, जिला रोहतास को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।

### डेहरी डालमियानगर में खुले मैनहोल बना मौत का जाल, बरसात में जलजमाव से बढ़ा खतरा



लोकतंत्र की आवाज

डेहरी। डेहरी डालमियानगर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 6 और 7 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर परिषद द्वारा सफाई के नाम पर सफाईकर्मी आते तो हैं, लेकिन सिर्फ बैठकर चले जाते हैं। बरसात से पहले हर साल नालों और मेनहॉल की सफाई होती थी, लेकिन इस बार मेनहॉल की सफाई नहीं होने से पूरा सिस्टम जाम है। नतीजा ये है कि सड़कों पर पानी भरने से पता ही नहीं चल पा रहा कि पानी है या पानी के नीचे मेनहॉल। डालमियानगर के अधिकतर मेनहॉल खुले पड़े हैं। रोहतास क्लब के अगल-बगल मेनहॉल हमेशा खुला रहता है जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। सोमवार को रतु बीघा डालमिया नगर निवासी कृष्णा यादव की भैंस चरते-चरते खुले मेनहॉल में गिर गई। ग्रामीणों और भैंस मालिक के कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। उसी जगह के अगल-बगल आवासीय कॉलोनी के बच्चे रोज क्रिकेट खेलते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वार्ड पार्षद समेत नगर परिषद के सुपरवाइजर और कर्मचारी सभी इस समस्या से वाकिफ हैं, लेकिन अब तक किसी ने भी मेनहॉल को पत्थर का स्लैब लगवाने की जहमत नहीं उठाई। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते नगर परिषद ने मेनहॉल को ढकवाए और नालों की सफाई नहीं कराई, तो इस बरसात में जलजमाव के साथ ही बड़ी दुर्घटना होना तय है।

### सहयोग शिविर में 70 मामलों का हुआ निष्पादन



लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। प्रखंड के तीन पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इटिम्हा पंचायत भवन पर व पोखराहा पँचायत सरकार भवन पर सहयोग शिवीर का आयोजन नोडल पदाधिकारी जिलाआपूर्ती पदाधिकारी शशि शंकर के नेतृत्व में मंगराव पँचायत सरकार भवन पर जिला विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पँचायत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ मो0नौशाद आलम सिद्दीकी, सीओ अंचला कुमारी,बीपीआरओ प्रगति सिंह, एमओआईसी डाओ एनके आर्या, एलईओ राकेश कुमार, पीओ संतोष सिंह, इटिम्हा मुखिया शशि कुमार, पोखराहा मुखिया टिंकू सिंह व मंगराव मुखिया वकील यादव की उपस्थिति में मंगलवार को आयोजित हुआ। बीडीओ व सीओ ने बताया कि शिविर में तीनो पंचायतों को मिलाकर लगभग 112 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 70 का निष्पादन हुआ। शेष आवेदनों का जांचोपरांत निष्पादन किया जाएगा। मौके पर बीडीसी सुनील कुमार, सरपंच अजय प्रसाद, उपमुखिया वीरेंद्र चौधरी, कर्ण बहादुर सिंह, सिंहासन ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शहीद के अधूरे सपनों को पूरा करने उतरा मानवता सेवा संघ, न्याय से लेकर कन्यादान तक निभाने का लिया ऐतिहासिक संकल्प

लोकतंत्र की आवाज





काराकाट। राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ ने मानवता,संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत परिचय देते हुए बेलौटी गांव पहुंचकर शहीद भरत भूषण तिवारी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए भरोसा दिलाया कि शहीद को न्याय दिलाने की लड़ाई अंतिम मुकाम तक लड़ी जाएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शहीद भरत भूषण तिवारी जिस जनहित के मुद्दे जवईनिया बांध को सुदृढ़ कराने के लिए संघर्षरत थे,उस अधूरे अभियान को अब राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ पूरी मजबूती से आगे बढ़ाएगा। संगठन ने सरकार एवं प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जाए,विस्थापित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए तथा बच्चों के लिए निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,भोजन और वस्त्र की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ ने पीड़ित परिवार के प्रति आजीवन सहयोग का संकल्प लेते हुए घोषणा की कि परिवार की वयस्क बेटी के विवाह में कन्यादान से लेकर विवाह संपन्न कराने तक की पूरी जिम्मेदारी संगठन निभाएगा। साथ ही गरीब परिवार के बच्चों की निःशुल्क शिक्षा,उपनयन (जनेऊ) संस्कार तथा अन्य आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक सरकार की ओर से समुचित सहायता उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक संघ के सदस्य जवईनिया बांध क्षेत्र में पहुंचकर विस्थापित एवं जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव आर्थिक सहायता करते रहेंगे। इस अवसर पर संघ के संस्थापक रजनीकांत पांडेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे, महासचिव दशरथ मिश्रा,सचिव अखिलेश तिवारी,कोषाध्यक्ष रविकांत तिवारी,ददन पांडेय, रौशन चौबे,ऋषिकेश उपाध्याय (छोटू उपाध्याय) सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन देने में सहयोग करना है। रोटी,कपड़ा और मकान की व्यवस्था,गरीब एवं असहाय परिवारों की बेटियों का विवाह,कन्यादान तथा बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना मानवता सेवा संघ का मूल संकल्प है। मानवता सेवा संघ की इस पहल ने यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा केवल संवेदना व्यक्त करने तक सीमित नहीं होती,बल्कि संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार का हाथ थामकर उसके भविष्य की जिम्मेदारी निभाने का नाम ही वास्तविक मानवता है।

## तीन दिवसीय श्री दुर्गा जी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को ले यज्ञ मंडप से भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई



लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत यादव टोला में यज्ञ समिति यादव टोला के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय श्री दुर्गा जी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को ले यज्ञ मंडप से भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई। जलभरी यात्रा श्री सुदामा आचार्य जी महाराज के सानिध्य में निकाला गया।

जलभरी यात्रा में सैकड़ों महिला,पुरुष एवम छोटे-छोटे बच्चे माथे पर कलश व हाथों में भगवा झंडा लेकर यज्ञ मण्डप से गाजे बाजे के साथ दुर्गा माता की जय, जय श्री राम, जय श्री राम, बजरंग बली की जय का जयकारा लगाते हुए पूरे नगर का भ्रमण करते हुए थाना मोड़ गांधी मैदान सोन नदी तट पर पहुँच कलश में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरकर पुनः जयकारे लगाते हुए यज्ञ मण्डप में पहुँचा। जहां वेदाचार्य द्वारा मंडप प्रवेश,पंचांग पूजन, अग्नि प्रकट किया गया। श्रद्धालु जिन जिन रास्तों से गुजरे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। आसपास के ग्रामीण जल यात्रा का भागीदार को उत्सुक दिखे।यह श्री दुर्गा जी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ 23 जुलाई को प्राण-प्रतिष्ठा एवम पुर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगा। लोगो के द्वारा कलशधारियों के लिए जगह जगह जलपान की व्यवस्था किया गया था।

मौके पर शिवबच्चन सिंह,भोला सिंह, हरेंद्र सिंह, दीनानाथ सिंह, धनजी यादव, महावीर यादव, डेविड यादव, अविनाश दुबे, शुभम तिवारी, विनोद उपाध्याय, निरंजन तिवारी, परशुराम यादव मंत्री, संजय सिंह, रंजन सिंह, चंद्रकांत कुमार मुन्ना जय सियाराम,लालबाबु उर्फ संजय कुमार, चंद्रदेव सिंह, श्रीकांत यादव, राजेश यादव, सरोज यादव, चंदन यादव, शैलेश यादव, अनिल यादव, मंतोष यादव, अशोक पासवान, भुवर यादव, रामबाबू सिंह दरोगा, जोखन प्रजापति, अभिषेक यादव, दीपक यादव, कमलेश यादव, मदन प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। मॉडल सदर अस्पताल सासाराम के प्रांगण में 100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक,रौशन कुमार,उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय एवं सिविल सर्जन डॉ मणिराज रंजन के संयुक्त नेतृत्व में 500 टीबी से ग्रसित मरीजों के बीच पौष्टिक आहार युक्त फूड बास्केट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने कहा कि देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए न केवल नियमित दवाओं की आवश्यकता है,बल्कि बेहतर पोषण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि निक्षय मित्र पहल और 100 दिवसीय विशेष अभियान के माध्यम से जिले के प्रत्येक टीबी मरीज को हरसंभव सहायता और पोषण सहायता दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त ने भी मरीजों से समय पर दवा खाने और पोष्टिक आहार लेने की अपील की।

अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए अन्य सक्षम लोगों से भी आगे आकर टीबी मरीजों की मदद करने की अपील की। इस अवसर पर मॉडल सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ आसीत रंजन, संचारी रोग पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन,अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0बी०के० पुष्कर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मरीज उपस्थित थे।

# अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी को लेकर रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा विरोध मार्च निकाला गया

लोकतंत्र की आवाज




सासाराम। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज सनातन धर्म के सबसे बड़ा मंदिर राम मंदिर में चंदा चोरी को लेकर रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा विरोध मार्च निकाला गया।

मार्च का अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे ने कहा कि देश के करोड़ों लोगों का आस्था भगवान श्री रामचंद्र में है अपनी मेहनत की कमाई श्रद्धा के साथ दान करते हैं और उनके मंदिर में उनके धाम में चंदा चोरी होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रधानमंत्री अभी तक चुप है इससे भी बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण बात है हम लोग मांग करते हैं जो भी लोग इसमें सन लिप्त हैं उसे पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो बीजेपी इस मामले पर अब तक चुप है देश के लोग सब समझ रहे हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी सभी जाति धर्म को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और हिंदू धर्म के आस्था के साथ इतना बड़ा खिलवाड़ को कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता है जब तक इस मामले में संलिप्त दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं होगा तब तक कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन करती रहेगी और हम लोगों को यह कहने में कोई परहेज नहीं है इस मामले में बीजेपी के लोग डायरेक्टर और इनडायरेक्ट रूप से जुड़े हुए हैं साथी ही कल जिस प्रकार छात्रों पर युवाओं पर यह निरंकुश सरकार ने लाठी चार्ज करवाया है हम लोग उसकी निंदा करते हैं और पेपर लीक इस सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफा की मांग करते हैं इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मुक्ति नारायण मिश्रा अजय चौबे रिंकू बिंद पतंजलि मिश्रा वीरेंद्र कुशवाहा दीपक शुक्ला विजय सिंह तौफीक अहमद मकरानी चंद्रमा पांडे जौहर अली बक्सी बी डी शुक्ला सुनील तिवारी सौरभ कुशवाहा प्रीतम राज बंटी धनंजय मेहता तेजपत्ता राम रूपेश चौबे मोहम्मद हसन खान मोहम्मद नसरुद्दीन लुकमान अहमद अत्ताउल्लाह रहमान राजेंद्र प्रभाकर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता है इस मार्च में शामिल हुए।

## डेहरी में 2 दिन की झमाझम बारिश से किसानों में खुशी की लहर, 45. सेल्सियस की गर्मी के बाद लोगों को मिली बड़ी राहत

लोकतंत्र की आवाज



डेहरी। पिछले 48 घंटों से जिले में हो रही झमाझम वर्षा ने गर्मी से बेहाल लोगों और परेशान किसानों को बड़ी राहत दी है। दो दिन पहले तक पड़ रही 45 से सेल्सियस की भीषण गर्मी और उमस के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित था। अब बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है और हर तरफ खुशी का माहौल है। लगातार बढ़ रही गर्मी और सूखे के कारण खेतों की मिट्टी फटने लगी थी। धान की नर्सरी, मक्का और सब्जियों की बुवाई रुकी हुई थी। किसानों को चिंता सता रही थी कि अगर समय पर बारिश नहीं हुई तो फसल प्रभावित हो जाएगी।

अब लगातार हुई वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस बारिश से खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आएगी और पैदावार भी बेहतर होगी। गांवों में ट्रैक्टर और किसान खेतों की ओर निकल पड़े हैं। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही प्रचंड गर्मी और लू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया था। दोपहर में सड़कें और बाजार सुनसान हो जा रहे थे। अस्पतालों में लू और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई थी। बारिश के बाद तापमान में करीब 10-12 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। ठंडी हवा और बूंदों से लोगों को सुकून मिला है। बच्चे और बुजुर्ग भी अब घर से बाहर निकलने लगे हैं हुआ सामान्य। लगातार बारिश से जलस्तर में भी सुधार हुआ है। बिजली कटौती की समस्या भी कुछ हद तक कम हुई है। दुकानदारों का कहना है कि गर्मी के कारण बिक्री प्रभावित हो रही थी, लेकिन अब ग्राहकी फिर से बढ़ने लगी है। सभी किसान अपने अपने खेतों में ट्रैक्टर से जुताई और खेतों मेंरोपनी का काम शुरू कर दिया है।

## बिहार सरकार का जन कल्याण अभियान की अंतर्गत पंचायत सहयोग शिविर कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



बिक्रमगंज। विकसित भारत समृद्ध बिहार बिहार सरकार का जन कल्याण अभियान की अंतर्गत पंचायत सहयोग शिविर कार्यक्रम का आयोजन घुसिया खुर्द के पुराने पंचायत भवन परिसर में बड़े ही धूमधाम से किया गया।

सहयोग शिविर का उद्घाटन डीसीएलआर संतोष कुमार, प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह, जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ,मुखिया विनय प्रकाश चौधरी ,पंचायत पदाधिकारी सलोनी चतुर्वेदी कृषि पदाधिकारी प्रियांशु पाराशर, पी ओ अमरेंद्र कुमार ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात आए हुए सभी जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारी का स्वागत अंग वस्त्र से किया गया तदोपरांत राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। डीसी एल आर ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सरकार के जन कल्याणकारी कार्य का उल्लेख किया है। लाभुकों के बीच निष्पादन प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। जन प्रतिनिधि गणों ने संबोधित किया उनमें रामचंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ,हरेंद्र पासवान, मंजू प्रसाद इत्यादि। पी ओ अमरेंद्र कुमार ने भी बीजी राम जी एवं मनरेगा के बारे में चर्चा की। पंचायत के विकास से संबंधित विषयों पर उपस्थित जनता से संवाद भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विनय प्रकाश चौधरी तथा संचालन जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने किया। कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद व्यापम प्रमुख राकेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए की। शिविर में कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में गण मन लोग उपस्थित उसमें कृषि सलाहकार कन्हैया सिंह पंचायत सचिव ,इमरान अंसारी ,जीविका दीदी कमला देवी, दिव्यांग राजेश गुप्ता इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

# पहचान पत्र के नाम पर अटकी सूचना, आवेदन लेने से इनकार का आरोप

**आरटीआई पर भी टालमटोल?**

- काराकाट नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, आवेदक ने लगाया दबाव में आवेदन नहीं लेने का आरोप; ईओ बोले- हम लोक सूचना पदाधिकारी नहीं हैं

लोकतंत्र की आवाज

काराकाट। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के पालन को लेकर काराकाट नगर पंचायत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। एक आवेदक ने आरोप लगाया है कि पहले पहचान पत्र का हवाला देकर सूचना देने की प्रक्रिया रोक दी गई और बाद में मांगे गए दस्तावेज के साथ कार्यालय पहुंचने पर आवेदन लेने से भी इनकार कर दिया गया। मामले ने नगर पंचायत में आरटीआई के क्रियान्वयन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, काराकाट निवासी हरेराम जी प्रिया ने 8 जून 2026 को डाक के माध्यम से आरटीआई आवेदन (पोस्टल संख्या 60 एफ 384867) भेजकर नगर पंचायत से सूचना मांगी थी। इसके जवाब में 19 जून को कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय से एक पत्र भेजा गया, जिसमें कहा गया कि आवेदन के साथ पहचान संबंधी दस्तावेज संलग्न नहीं है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर पंचायत में कनीय अभियंता लोक सूचना पदाधिकारी (PIO) हैं, जबकि कार्यपालक पदाधिकारी प्रथम अपीलीय प्राधिकारी हैं। आवेदक से पहचान पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज कनीय अभियंता सह लोक सूचना पदाधिकारी के नाम उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

इसी बिंदु पर अब सवाल उठ रहे हैं। आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अनुसार यदि आवेदन किसी ऐसे अधिकारी के पास पहुंचता है जो संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी नहीं है, तो उसे पांच दिनों के भीतर संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी को स्थानांतरित किया जाना चाहिए। ऐसे में चर्चा इस बात की है कि क्या आवेदन को नियमानुसार संबंधित अधिकारी के पास भेजा गया था।

आवेदक हरेराम जी प्रिया का आरोप है कि कार्यपालक पदाधिकारी के पत्र के बाद जब वे मांगे गए पहचान पत्र और आवेदन के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे, तो उनका आवेदन लेने से ही मना कर दिया गया। उनका कहना है कि उन्हें यह कहकर वापस लौटा दिया गया कि "ऊपर से दबाव है, आवेदन नहीं लिया जाएगा।"

आवेदक का कहना है कि उनके एक पैर में रॉड लगी हुई है, जिससे चलने-फिरने में काफी परेशानी होती है। इसके बावजूद वे दूसरे व्यक्ति के सहारे नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले सूचना के अधिकार के तहत दो बार आवेदन करने पर भी एक महीने बाद किसी अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से उनके घर आवेदन लौटा दिया गया था।

मामले में नगर पंचायत के अकाउंटेंट विपुल कुमार से यह जानने का प्रयास किया गया कि आवेदन नहीं लेने का निर्देश किसका था, लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

आरटीआई मामलों के जानकार एवं पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद का कहना है कि यदि आवेदन गलत अधिकारी के पास पहुंचा है तो धारा 6(3) के तहत उसे पांच दिनों के भीतर संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी को भेजा जाना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि यदि आवेदन में आवेदक का नाम और डाक का पता स्पष्ट रूप से दर्ज है, तो आरटीआई अधिनियम की धारा 6(2) के अनुसार सामान्य परिस्थितियों में केवल पहचान पत्र के अभाव में सूचना देने की प्रक्रिया रोकना उचित नहीं माना जाता।

उल्लेखनीय है कि आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत सामान्य मामलों में 30 दिनों के भीतर सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यदि आवेदन गलत अधिकारी के पास पहुंच जाए तो उसे पांच दिनों के भीतर संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी को स्थानांतरित करने का प्रावधान है, जबकि जीवन एवं स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में 48 घंटे के भीतर सूचना देने का नियम है।

इस संबंध में पूछे जाने पर कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन ने कहा कि "हम लोक सूचना पदाधिकारी नहीं हैं। आवेदन में सुधार कर संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी के समक्ष देने के लिए कहा गया था। इसी कारण आवेदक को वापस किया गया।"

अब यह मामला नगर पंचायत काराकाट में आरटीआई कानून के अनुपालन, प्रशासनिक प्रक्रिया और नागरिकों के सूचना पाने के अधिकार को लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है। यदि आवेदक के आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह पारदर्शिता और जवाबदेही की व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न होगा। दूसरी ओर, नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि प्रक्रिया के अनुरूप संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी। जांच और तथ्य स्पष्ट होने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति साफ हो सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर गिरिडीह सदर प्रखंड में आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.07.22)। गिरिडीह सदर प्रखंड में पूर्व नियोजित कार्यक्रम अनुसार 21.07.2026 को प्रखंड के सभागार भवन में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित की गई जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वालों की लंबी कतार देखी गई साथ ही साथ चार-पांच आवेदक ऐसे भी दिखे जो जांच परीक्षा में प्रश्नों का हल कर रहे थे वैसे आज की भीड़ को देखकर यह कहा जा सकता है कि ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन पंचायत स्तर पर होना चाहिए क्योंकि गिरिडीह जिला में भी बाइक चालकों की संख्या में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई (अब साइकिल तो बस सब नाम मात्र का ही दीख पड़ता है जिधर भी नजर दौड़ाएं मात्र बाइक ही बाइक जो भी हो इस शिविर आयोजित से समय की काफी बचत होती है कहां भी गया है टाइम वेस्ट मनी वेस्ट .

### धनबादः दीवार की ईंटें निकालकर घर में घुसे चोर, नकदी, मोबाइल और गहनों पर किया हाथ साफ




लोकतंत्र की आवाज
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। जिले के कतरास रामकनाली ओपी क्षेत्र स्थित फिल्टर प्लांट निवासी यूनुस अंसारी के घर में मंगलवार तड़के करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने बेहद शातिर तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर की दीवार की ईंटें एक-एक कर निकालकर अंदर घुसा और परिवार के सोते रहने के दौरान मोबाइल फोन, नकदी और गहनों की चोरी कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, चोर ने पहले घर के पीछे की दीवार से ईंटें हटाकर प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। इसके बाद वह घर के सामने की ओर पहुंचा और वहां दीवार की ईंटें सावधानीपूर्वक निकालकर अंदर दाखिल हो गया। घटना के समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे, जिससे किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो घर का सामान गायब मिला। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से डायल 100 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रामकनाली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल है। जिस तरीके से चोर ने दीवार की ईंटें निकालकर घर में प्रवेश किया, उसे देखकर स्थानीय लोग इसे सुनियोजित घटना मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि चोर को इलाके की पूरी जानकारी थी, इसलिए स्थानीय स्तर पर किसी की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

### बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगंगो गांव के पास जंगली हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ हजारीबाग(झारखंड)। बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगंगो गांव के पास जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई मृतक की पहचान बाबूलाल साव पिता भिखन साव के रूप में की गई है जानकारी के अनुसार बाबूलाल साव मंगलवार को धान के खेत में खेती के काम से गए हुए थे इसी दौरान जंगल से निकले एक जंगली हाथी ने अचानक उन पर हमला कर दिया हाथी ने उन्हें पैरों से कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई सूचना पाकर बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत दलबल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है हाथियों के हमले से लोग क्षेत्र में दहशत में हैं लगातार इन इलाकों में हाथियों का दस्तक देखा जा रहा है इलाके में काफी लोग भयभीत हैं ।

### नई लाइब्रेरी में पहुँची पुस्तकों की नई खेप, अब और प्रभावी होगा पुस्तक दान महाअभियान




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग जिला प्रशासन की प्रेरणादायी पहल एवं माननीय उप विकास आयुक्त (DDC) महोदया के दूरदर्शी नेतृत्व में संचालित पुस्तक दान महाअभियान लगातार जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। इस अभियान के तहत एकत्रित पुस्तकों की नई खेप को हजारीबाग की नई लाइब्रेरी में सुरक्षित रखा गया है, ताकि इन्हें व्यवस्थित रूप से जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों तक सीधा लाभ मिल सकेगा। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि अब इस अभियान को और अधिक प्रभावी, व्यापक एवं जनभागीदारी आधारित बनाया जाएगा, जिससे जिले का कोई भी विद्यार्थी केवल पुस्तकों के अभाव में अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट माननीय उप विकास आयुक्त (DDC) महोदया का इस दूरदर्शी पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका मार्गदर्शन निस्संदेह समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। साथ ही, इस अभियान के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे जिला योजना पदाधिकारी (DPO) के सक्रिय सहयोग, समर्पण एवं समन्वय की भी ट्रस्ट विशेष रूप से प्रशंसा एवं आभार व्यक्त करता है। ट्रस्ट उन सभी शिक्षकों, कोचिंग संस्थानों, पुस्तकालय संचालकों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों एवं जागरूक नागरिकों का भी हृदय से धन्यवाद देता है, जिन्होंने अपनी उपयोगी पुस्तकों का दान देकर इस अभियान को एक जनआंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट सभी नागरिकों से अपील करता है कि अपनी अलमारी में रखी पुरानी लेकिन उपयोगी पुस्तकें दान करें। आपकी एक पुस्तक किसी जरूरतमंद विद्यार्थी के जीवन में नई आशा, नया आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का आधार बन सकती है। आइए, शिक्षा के इस महाअभियान से जुड़ें और ज्ञान का प्रकाश हर घर तक पहुँचाने में अपनी भागीदारी निभाएँ।

# बच्चों की सुरक्षा खतरे में, चीरा चास थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर अपहरण के बाद डर से घर छोड़ने को मजबूर हुआ परिवार

लोकतंत्र की आवाज



**बोकारो ,झारखंड प्रदेश।** बोकारो जिले में एक बार फिर अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।एक चर्चित अपराधी का नाम लेकर वेदांता स्टील प्लांट के एक कर्मचारी का दिनदहाड़े हथियार के बल पर अपहरण कर लिया गया।2 घंटे तक बंधक बनाकर पिस्तौल सटाकर धमकाया गया, परिजनों को वीडियो कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई। इस पूरी घटना के बाद पीड़ित परिवार इतना दहशत में है कि अपना घर गौस नगर छोड़कर जा चुका है और बच्चे डर के कारण स्कूल नहीं जा रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला:** जानकारी के अनुसार पीड़ित मोहम्मद शाहबाज अहमद, पिता स्वर्गीय अहमद हुसैन अंसारी, निवासी गौस नगर, पोस्ट 827013, थाना चीरा, जिला बोकारो वेदांता स्टील प्लांट में वेइब्रिज ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित ने बताया कि दिनांक 20 जून 2026 को दोपहर करीब 1 बजे वह अपनी बाइक संख्या जे एच 09ए के 0411 से ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। घर से करीब 200 मीटर दूर पहुंचते ही आरिफ शेख और उसके साथी गुंडों ने बाइक रोककर उन्हें गिरा दिया। इसके बाद खुलेआम पिस्तौल सटाकर जबरन एक काली कार में बैठा लिया गया। कार के आगे और पीछे मुंह पर पट्टी बांधे कई बाइक सवार गुंडे भी चल रहे थे।

आरोपियों ने शाहबाज को सहेली चक्की होते हुए ब्लिंकिट, चीरा, चास थाना क्षेत्र की ओर ले जाकर आंख की पट्टी खोली। वहां उन्होंने शाहबाज के 7 वर्षीय बेटे अनफा हुसैन, जो रेनबो पब्लिक स्कूल कक्षा 2 में पढ़ता है, को स्कूल से उठाने की धमकी दी। कहा गया "बेटे को भी उठा लेंगे, उसे भी जान से मार देंगे"। इसी दौरान आरोपियों ने शाहबाज के सिर पर पिस्तौल रखकर फोटो खींची और घर के नंबर पर वीडियो कॉल कर परिजनों को हथियार दिखाकर डराया और हथियार के साथ वीडियो बनाने का काम किया है।

**भांजी को सौंपने और शारीरिक शोषण की मांग:** पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उनकी भांजी को उनके हवाले करने की मांग किया है। आरोप लगाया कि उनके पास भांजी के अश्लील वीडियो हैं और ब्लैकमेल करके उसे शारीरिक शोषण करना चाहते हैं। लगभग 2 घंटे तक हथियार के बल पर बंधक रखने के बाद छोड़ते समय कहा गया "यह तो सिर्फ चिंगारी है, थाना जाओगे तो असली आग दिखाएंगे"। शाहबाज की बड़ी बहन शाहिना परवीन को भी वीडियो कॉल आया जिसमें भाई के सिर पर पिस्तौल सटी दिख रही थी। शाहिना ने तुरंत बोकारो के उपायुक्त, अपर पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को फोन कर सूचना दी। प्रशासन के दबाव के बाद अपहत शाहबाज को छोड़ा गया, लेकिन तब तक अपराधी क्षेत्र में अपना आतंक स्थापित करने में कामयाब हो चुके थे।

परिवार का आरोप है कि रिहाई के बाद भी आरोपी लगातार फोन कर धमकी और ब्लैकमेल कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि "शिकायत की तो बच्चे को मार देंगे, रेलवे में एएसटी ऑफिसर बहनोई को उठा लेंगे"। आरोपी खुद को एक कुख्यात अपराधी का आदमी बताकर धमका रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि एसपी और डीसी भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। परिवार ने यह भी कहा कि थाना पुलिस से अपराधियों के मधुर संबंध होने के डर से वे अब तक चीराचास थाना में एफआईआर दर्ज नहीं करा पाए हैं। हालांकि उपायुक्त बोकारो को लिखित शिकायत दे दी गई है। इस घटना के बाद शाहबाज अहमद का पूरा परिवार दहशत में है। डर के कारण परिवार के और रिश्तेदारों के बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। जान जाने के डर से पीड़ित परिवार अपना घर गौस नगर छोड़कर जा चुका है। परिवार ने मांग की है कि जब तक प्रशासन उन्हें और उनके पूरे परिवार को सुरक्षा नहीं देता, तब तक वे चीराचास थाना क्षेत्र स्थित अपने घर नहीं जाएंगे। साथ ही अपहरण में शामिल सभी लोगों और उनके परिजनों को चिन्हित कर, इस्तेमाल किए गए अवैध हथियार, कार और बाइकों को जब्त करने की मांग की है।

**सवालः कार्रवाई होगी या लिपापोती:** अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या चीराचास थाना और बोकारो पुलिस प्रशासन इस जघन्य अपहरण और धमकी के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर कानून का राज स्थापित करेगी, या फिर इतने बड़े अपराध के बाद भी मामले को दबाकर लिपापोती कर अपराधियों के हौसले और बुलंद कर देगी। बोकारो में अब यह तय होना है कि पुलिस अपराधियों को पस्त करेगी, या अपराधी ही बोकारो में आतंक का अपना राज स्थापित कर देंगे। फिलहाल पीड़ित ने उपायुक्त बोकारो से मिलकर मामले का संज्ञान लेकर त्वरित कानूनी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

## जलजमाव पर एक्शन मोड में धनबाद नगर निगम, धनबाद के मेयर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** मानसून के दौरान शहर में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए धनबाद नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मेयर संजीव सिंह ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जलनिकासी व्यवस्था, नालों की सफाई और संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में जलजमाव की स्थिति का आकलन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि फिलहाल जलनिकासी से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही नियमित रूप से नालों की सफाई, जल निकासी मार्गों की निगरानी और प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जलनिकासी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए डी-वाटरिंग मशीनों की खरीद प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने पर भी चर्चा हुई। नगर निगम के अनुसार, इस प्रस्ताव को पूर्व में बोर्ड की स्वीकृति मिल चुकी है और अब इसे जल्द अमल में लाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

मेयर संजीव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन इलाकों में हर वर्ष जलभराव की समस्या सामने आती है, वहां विशेष निगरानी रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत कार्य शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि अल्पकालिक उपायों के साथ-साथ स्थायी समाधान की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को जलजमाव से राहत दिलाना नगर निगम की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि जलनिकासी कार्यों में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि जलनिकासी व्यवस्था को बाधित करने वाली गतिविधियों से बचें तथा जलभराव या नालों से संबंधित किसी भी समस्या की सूचना तत्काल नगर निगम को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## धनबाद कतरास की कतरी नदी में दिखा मगरमच्छ, लोगों में दहशत



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** कतरास के पंजाबी मोहल्ला स्थित कतरी नदी में सोमवार को एक मगरमच्छ दिखाई देने से इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मगरमच्छ नदी में उल्टा तैरता हुआ नजर आया। आसपास के लोग प्रतिदिन इसी नदी में स्नान करने जाते हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। लोगों ने इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी।

## अलपिटो पंचायत के आमसभा की साक्षी बनी विष्णुगढ की बीडीओ मधुश्री मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज़



**ब्यूरो चीफ हजारीबाग(झारखंड)।** विष्णुगढ प्रखंड के अलपिटो पंचायत में पिछले दो वर्षों से विकास का काम रुख सा गया था। प्रभारी मुखिया विनोद कुमार रजक के अथक प्रयास करने के बाद भी ग्रामीणों को किसी प्रकार का कोई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिसकी अर्जी लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा के बाद पास उन्होंने गया था, जिस पर मंगलवार को अलपिटो पंचायत भवन में सामूहिक रूप से एक आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा की अध्यक्षता प्रभारी मुखिया विनोद कुमार रजक ने की।

संचालन पंचायत सचिव सपना राज के द्वारा किया गया मुख्य रूप से आम सभा में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु श्री मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से रूबरू होते हुए यह जानना चाहा की विष्णुगढ प्रखंड में 24 पंचायत हैं और सभी पंचायतों का विकास गति की ओर है। आखिर कौन सा ऐसा कारण है जिससे अलपिटो का विकास रुक सा गया है ? इस पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की बारी बारी से अपनी राय दी गई अस्पष्ट। शब्दों में, लोगों ने कहा कि यहां एक-दूसरे को गिराने और गिला-शिकवा करने में लोग व्यस्त हैं, जिसके कारण ग्रामीण सरकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अलपिटो को मैं एक मॉडल व विकसित पंचायत के रूप में देखना चाहती हूं और यह होकर रहेगा। आपसी गिले, शिकवे, सभी समाप्त करें और जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण और पदाधिकारी सभी आपसी समन्वय स्थापित कर पंचायत की रूपरेखा तय करें ।विकास के गति को आगे बढ़ाने मे आम सभा में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ममता सिंह एवं राजमोहन वर्मा ने भी बीबी जी राम जी जोजना के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि गाँव पंचायतों का सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही बेहतर व सुचारू योजनाओं का चयन किया जा सकता है। जिसमे 318 कटेग्री के योजनाओं में से किसी भी योजना को लेकर आप अपने क्षेत्र का विकास कर सकते हैं।

साथ ही। योजनाओं को संचालित करने वाले जूनियर इंजीनियर एवं असिस्टेंट इंजीनियर ने चर्चा करते हुए योजनाओं की बेहतर संचालन का प्रस्ताव रखा। आम सभा में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक, चमेली देवी, वार्ड सदस्य नंदलाल यादव, मंजू देवी, अंजू देवी, महेश यादव, गुल्ली सिंह ,गोविंद रविदास, रामेश्वर पंडित भिखन रविदास , बिशेश्वर यादव, मिट्ठू यादव, जानकी शर्मा, देवेश यादव, अशोक यादव, संवयसेवक उमेश यादव, आषिश दास समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## NEET में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले संजीत कुमार को विधायक प्रदीप प्रसाद ने दी बधाई

लोकतंत्र की आवाज
**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** सदर प्रखंड के ग्राम नगवां निवासी स्वर्गीय मंटू मेहता के सुपुत्र संजीत कुमार ने NEET परीक्षा में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे हजारीबाग एवं राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद मंगलवार को उनके आवास पहुँचे और उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विधायक ने संजीत की माताजी एवं परिजनों को भी इस सफलता पर शुभकामनाएँ देते हुए उनके संघर्ष और समर्पण की सराहना की।



इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि संजीत कुमार की सफलता यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर सीमित संसाधनों में भी बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व संजीत के सिर से पिता का साया उठ गया था, लेकिन उनकी माताजी ने अथक संघर्ष, त्याग और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उनका पालन-पोषण किया। आज संजीत की यह सफलता उनकी माताजी के अथक परिश्रम और संस्कारों का भी प्रतिफल है।

विधायक ने कहा कि गाँव, खेत और खलिहान से निकलने वाले युवा आज अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। संजीत कुमार की यह उपलब्धि पूरे समाज और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने का संकल्प दृढ़ हो, तो कोई भी कठिनाई सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती।

प्रदीप प्रसाद ने संजीत कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे एक सफल एवं संवेदनशील चिकित्सक बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे तथा भविष्य में भी अपने परिवार, हजारीबाग और राज्य का नाम रोशन करते रहेंगे।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 119वां स्थापना दिवस सेवा कार्यों के साथ मनाया, दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर व कृत्रिम पैर किए भेंट

लोकतंत्र की आवाज़



धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** धनबाद मै बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने 119वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जीवन ज्योति विशेष विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बैंक के धनबाद क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों ने विद्यालय का दौरा कर दिव्यांगजनों के कल्याण और समावेशी समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से जीवन ज्योति संस्थान के अंतर्गत संचालित रोटरी जैरी पॉवेल जयपुर लिंब सेंटर को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। बैंक अधिकारियों ने भविष्य में भी संस्थान के साथ मिलकर सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में सहयोग जारी रखने का भरोसा दिलाया।

स्थापना दिवस के अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को एक व्हीलचेयर और दो कृत्रिम पैर (जयपुर लिंब) भी प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को अधिक आत्मनिर्भर बनाना और उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाना है। कार्यक्रम के दौरान जीवन ज्योति संस्थान के सचिव राजेश परकेरिया एवं सदस्य विकास शर्मा ने बैंक अधिकारियों का स्वागत करते हुए विशेष बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट की। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और संस्थान द्वारा किए जा रहे पुनर्वास एवं शिक्षा संबंधी कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सामाजिक सेवा, समावेशी शिक्षा और दिव्यांगजन सशक्तिकरण के महत्व पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने जीवन ज्योति विशेष विद्यालय द्वारा दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का विश्वास व्यक्त किया।

## धनबाद लोयाबाद सेंन्द्रा तीन नंबर में लगातार हो रही बारिश से पुनः घरों में दरारे पड़ गई

लोकतंत्र की आवाज़

धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** लोयाबाद के सेंद्रा तीन नंबर में पुनः सोमवार को प्रकाश भुइंया और बिरु भुइंया के घरों में दरारें पड़ गई। लगातार हो रही बारिश और यहां संचालित रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा की गई ओबी कटाई के कारण यह घटना घटी है।



वैसे यह श्रमिक पहले से ही भुधंसान की चपेट में है।इससे पहले सोहरा भुइंया और बिरु भुइंया का शौचालय जमींदोज हो चुका है।घरों की दीवार में दरारें पड़ने से यहां के लोग काफी दहशत में है।इधर कोलियरी प्रबंधन द्वारा काफी लोगों को सेंद्रा जीएम बंगला और बेलगडिया में बसाया भी गया है। मंजु देवी चंपा देवी और सुनीता देवी आदि महिलाओं ने बताया कि आज सुबह में अचानक उनके घरों की दीवार में दरारें पड़ गई ।लोग खौफ के मारे घरों से बाहर निकल आए।

बताया कि पहले हुए भुधंसान की घटना के कारण यहां पर जगह जगह गड्ढे बने हुए हैं। तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश का पानी इस गड्ढे में चले जाने से संभवतः उनके घरों की दीवार में दरारें पड़ी है ।वे लोग काफी दहशत में है। प्रबंधन रोजगार के साथ उन लोगों का सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था कर दे वे लोग यहां से जाने के लिए तैयार हैं। महिलाओं ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी नियमों को ताक पर रखकर यहां पर काम की जिस कारण ही वे लोग परेशान है। पहले यह इलाका काफी सुरक्षित था। कोलियरी प्रबंधक रोहित कुमार ने बताया यदि ऐसी बात है तो उन लोगों को बेलगडिया में शिफ्ट करा दिया जाएगा बशर्ते वे लोग जाने के लिए तैयार हो।

## पदमा अंचल कार्यालय में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित, 50 से अधिक लोगों को मौके पर दिया गया लर्निंग लाइसेंस

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को पदमा प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिले में आयोजित यह तीसरा विशेष शिविर था। इससे पूर्व चुरचू एवं कटकमसांडी प्रखंडों में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को उनके प्रखंड स्तर पर ही ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध कराना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए। इसके पश्चात उनका फोटो एवं बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन लर्निंग टेस्ट आयोजित किया गया। टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों को मौके पर ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया गया।



शिविर का लाभ 50 से अधिक लोगों ने प्राप्त किया। तत्काल लर्निंग लाइसेंस मिलने से लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब लाइसेंस बनवाने के लिए जिला मुख्यालय के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। शिविर के दौरान जिला परिवहन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने पूरी प्रक्रिया का सुव्यवस्थित संचालन किया। आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन लर्निंग टेस्ट तथा स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पदमा के अंचलाधिकारी मोतीलाल हेंब्रम, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष चौधरी, मोटरयान निरीक्षक रवीना कुमारी तथा सड़क सुरक्षा प्रबंधक संतोष सिंह सहित जिला परिवहन कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को आमजन तक सरल एवं सुलभ बनाना है।

शिविर के सफल संचालन में मोटरयान निरीक्षक रवीना कुमारी ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। ऑनलाइन आवेदन प्रविष्टि का कार्य अनिल कुमार एवं कैलाश पाण्डेय ने किया, जबकि स्क्रूटनी एवं बायोमेट्रिक सत्यापन की जिम्मेदारी अमन कुमार एवं सूरज कुमार सिंह ने निभाई। ऑनलाइन लर्निंग टेस्ट का संचालन जीवन प्रकाश, शारिक इकबाल एवं अरविंद तिवारी ने किया तथा लर्निंग लाइसेंस प्रिंटिंग का कार्य दीपक सोनी एवं ललन कुमार ने संपादित किया। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के समन्वित प्रयास से शिविर का सफल एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मोहनिया : कंटेनर से 61 मवेशी बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार




**मोहनिया।** पुलिस को मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। मोहनिया पुलिस ने समेकित जांच चौकी पर कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर से 61 मवेशियों को बरामद किया है। इस दौरान मौके से चार कथित मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कंटेनर को भी जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बरनावा निवासी यासीन के पुत्र चांद, फिजू के पुत्र रिजवान, मुजफ्फरनगर जिले के रसूलपुर डाबड़ी निवासी मेहरबान के पुत्र फुरखान तथा चरथावल गांव निवासी आसरीन बाबू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक कंटेनर के जरिए मवेशियों को उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ समेकित जांच चौकी पहुंचे और वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक कंटेनर को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान कंटेनर के अंदर मवेशियों को अमानवीय तरीके से बांधकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तत्काल कंटेनर को जब्त करते हुए उसमें मौजूद 61 से भी अधिक मवेशियों को सुरक्षित बरामद कर लिया तथा चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने मंगलवार सुबह बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि मवेशियों को डेहरी से लोडकर उत्तर प्रदेश के उन्नाव ले जाया जा रहा था, मामले में आवश्यक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भाजपा सरकार में किसानों-छात्रों पर सबसे ज्यादा जुल्म : बीएसपी नेता भूषण

**विनोद कुमार राम**



**भभुआ , कैमूर।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रभारी सह हवेन इंफिनिटी रियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विष्णु कुमार भूषण ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ₹हमारे देश भारत में अंग्रेज आए और चले गए, मुगल शासन आए और चले गए, लेकिन जितना जुल्म भाजपा सरकार में किसान, जवान, छात्र और छात्राओं पर हुआ है उतना बाहर से आए शासकों ने भी नहीं किया। उन्होंने 20 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर हो रहे शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस ने मिलकर लाठीचार्ज, आंसू गैस और वाटर प्रेशर का इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में 1000 से ज्यादा छात्र-छात्राएं घायल हुए हैं। भूषण जी ने कहा कि ₹यह सरकार हमारे देश की नहीं हो सकती। यह अंधी-बहरी सरकार देश के बच्चों का भविष्य खराब कर चुकी है। आज देश कहां से कहां पहुंच गया है ? क्या इस देश में कोई जवाबदेही नहीं है ? उन्होंने लोगों से अपील की कि ₹हम सब मिलकर देश को बचाना है और देश के भविष्य, आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना है। इसलिए आप सब आएं और बच्चों के हक में आवाज उठाएं। अंत में उन्होंने ₹जय भीम, जय भारत, जय मूलनिवासी, जय संविधान₹ का नारा दिया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1.317 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पुसौली गोला में गुप्त सूचना पर छापेमारी, गांजा बरामद कर आरोपी को भेजा गया थाना**

लोकतंत्र की आवाज





**कैमूर** जिले के कुदरा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुसौली गोला में छापेमारी कर 1.317 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुसौली गोला क्षेत्र में अवैध रूप से गांजे की बिक्री और तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद कुदरा थाना पुलिस ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ग्राम घंटाव निवासी स्वर्गीय मल्लू राम के पुत्र बिहारी राम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1.317 किलोग्राम गांजा बरामद किया। छापेमारी के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुदरा प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) भी घटनास्थल पर पहुंचीं और कार्रवाई का जायजा लिया। गिरफ्तार आरोपी को कुदरा थाना लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद गांजा कहां से लाया गया था, इसकी आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जा रही थी तथा इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। कुदरा थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष राबिया हुस्ना ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आज आरोपी को मेडिकल जांच के बाद में न्यायालय मे भेज दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# समेकित जांच चौकी मोहनिया पर छापेमारी, चार जवान गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज

**मोहनिया।** कैमूर एसपी शिखर चौधरी के निर्देश पर यातायात डीएसपी और मोहनिया थाना की संयुक्त टीम ने बीती रात मोहनिया स्थित समेकित जांच चौकी पर छापेमारी की। इस दौरान वाहन चालकों से अवैध उगाही करते हुए सैप के तीन जवानों और एक होमगार्ड जवान को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 83,300 रुपये नगद और चार मोबाइल फोन जप्त किए हैं। पुलिस मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुटी है। उल्लेखनीय है कि एक महीने के भीतर इस जांच चौकी पर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पूर्व भी छापेमारी कर 4 सैप जवानों और 5 निजी सहायकों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस तरह एक माह में अब तक कुल 15 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सबसे हैरानी की बात यह है कि 24 घंटे तीनों शिफ्टों में अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के बावजूद इस अवैध उगाही की भनक जांच चौकी प्रभारी (एडीटीओ) आलोक कुमार को नहीं लग सकी। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी के बाद भी अवैध वसूली का खेल बेधड़क जारी रहना प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। गिरफ्तार आरोपियों में गंगासागर सिंह, बच्चू प्रसाद, और मनीराम शर्मा ये तीनों सैप के जवान हैं और सुनील कुमार गुप्ता जो होमगार्ड का जवान है शामिल है। मोहनिया एसडीपीओ गोपाल कृष्णा ने मंगलवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि जांच चौकी मोहनिया से 83300 रुपए के साथ चार लोग की गिरफ्तारी हुई है जिसमें तीन सैप के जवान और एक होमगार्ड के जवान शामिल हैं फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

## चैनपुर में 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान पर लगा शिविर



लोकतंत्र की आवाज

**चैनपुर (कैमूर) ।** कैमूर जिला में सरकार का आव्हान 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान का आगाज किया गया। जिसको लेकर जिला के चैनपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी उनमूल अभियान में निक्षय मित्रों के सहयोग से टीबी मरीजों को पोषण सहायता हेतु फूड वास्केट वितरण किए गए। टीबी उनमूल अभियान में उत्कृष्ट सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता के लिए निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रीती कुमारी, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक अजय कुमार, एसटीएस सतेन्द्र कुमार, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक पूजा कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसमें बताया गया है कि अधिकारियों ने टीबी मरीजों को नियमित एवं पूर्ण अवधि तक दवा लेने पौष्टिक आहार एवं संतुलित आहार ग्रहण करने और चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने का अपील की।

## रामगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता: 43 लीटर देसी शराब और पैशन प्रो बाइक जब्त, तस्कर फरार

लोकतंत्र की आवाज




**रामगढ़।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगढ़ थाना पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम तरोइयां के समीप से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। हालांकि, पुलिस को देखकर तस्कर गाड़ी और शराब छोड़कर फरार होने में कामयाब रहा। रामगढ़ थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त (पेट्रोलिंग) पर थी। इसी दौरान ग्राम तरोइयां के पास एक संदिग्ध पैशन प्रो मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या इफ्45ए1792) दिखाई दी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख वाहन चालक घबरा गया और गाड़ी तथा उस पर लदे एक बोरे को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला।

**215 पीस देसी शराब बरामद:** पुलिस ने जब मौके पर छोड़े गए बोरे की तलाशी ली, तो उसमें से ब्लू लाईम देसी शराब (मसाला) के 200`' वाले कुल 215 पीस (मात्रा लगभग 43 लीटर) बरामद हुए। पुलिस ने शराब और इस्तेमाल में लाई जा रही पैशन प्रो बाइक को जब्त कर लिया है।

**वाहन मालिक और फरार चालक पर केस दर्ज:** थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि फरार वाहन चालक और मोटरसाइकिल के मालिक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। पुलिस वाहन संख्या के आधार पर मालिक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है

## जवाहर नवोदय विद्यालय चौरसिया में कक्षा 6 में नामांकन प्रक्रिया शुरू, 31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** जवाहर नवोदय विद्यालय चौरसिया, कैमूर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में नामांकन की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। इच्छुक एवं योग्य छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य सी. एम. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की कुल 80 सीटों पर नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर (शनिवार) को आयोजित की जाएगी।

**पात्रता एवं मुख्य शर्तें:** आयु सीमा: आवेदक छात्र/छात्रा का जन्म 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना अनिवार्य है।

**अध्ययन संबंधी शर्त:** छात्र वर्तमान सत्र में कैमूर जिले के किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए।

स्थानीयता: अभ्यर्थी ने कक्षा 3, 4 और 5 की पढ़ाई उसी जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय से पूरी की हो, जहाँ के नवोदय विद्यालय के लिए वह आवेदन कर रहा है। प्रधानाध्यापक का सत्यापन: आवेदन पत्र पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक (र्ल्ीर३ी१) के हस्ताक्षर एवं मुहर होना आवश्यक है।

**आरक्षण एवं सीटें: प्राचार्य ने बताया कि नियमों के अनुसार:**

75% सीटें ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं।

25% सीटें शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं। आवश्यक दस्तावेज (खढॅ फॉर्मेट, 10 से 100 ड्ड साइज):

ऑनलाइन आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन कॉपी **अपलोड करनी होगी:** छात्र/छात्रा की नवीनतम फोटो

छात्र एवं अभिभावक के हस्ताक्षर

प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाणित कक्षा 5 का अध्ययन प्रमाण पत्र

आधार कार्ड / निवास प्रमाण पत्र

आवेदन कैसे करें ?

नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट (ह्लं५ङ्गॅिं.ख्र्५.ह्ल) पर जाएं।

नामांकन लिंक पर जाकर मांगी गई जानकारी भरें एवं दस्तावेज अपलोड करें। मोबाइल नंबर पर प्राप्त डळढ सत्यापन के बाद आवेदन प्रक्रिया पूरी होगी।

**निःशुल्क सुविधाएं:** नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ आवास, भोजन, पुस्तकालय, खेलकूद और कंप्यूटर शिक्षा सहित अन्य सभी सुविधाएं पूरी तरह मुफ्त (निःशुल्क) प्रदान की जाएंगी।

## कैमूर के सभी प्रखंडों में 'सहयोग शिविर' आयोजित, मौके पर ही हुआ जन-समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर ।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से मंगलवार को कैमूर जिले के सभी प्रखंडों में 'सहयोग शिविर' का सफल आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं का उनके ही क्षेत्र में 'ऑन-द-स्पॉट' निवारण करना है।

**राशन कार्ड से लेकर भूमि विवादों का हुआ निपटारा:** आयोजित सहयोग शिविरों में राशन कार्ड बनवाने व संशोधन, राजस्व एवं भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, और मनरेगा जैसी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े दर्जनों आवेदनों का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर में पहुँचे ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पारदर्शी और सुलभ व्यवस्था की सराहना की।

**बीडीओ व सीओ समेत वरीय अधिकारी रहे मुस्तैद:** जनता की सहूलियत के लिए प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पंचायत स्तरीय एवं वरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

**समय-सीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण का निर्देश:** शिविर के दौरान प्राप्त जन-शिकायतों को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों को हल करें। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन शिकायतों में स्थल निरीक्षण या गहन जाँच की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से निपटाया जाएगा।

## भभुआ : डीबीटी-स्टार कॉलेज योजना के अंतर्गत आयोजित ग्रीष्मकालीन अनुसंधान प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ, कैमूर।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ में भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की 'स्टार कॉलेज योजना' के अंतर्गत आयोजित 60 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमझ्2026 ₹फ्रॉम आइडिया टू इन्वेस्टिगेशन: एन इंटरडिसिप्लिनरी अप्रोच टू रिसर्च ट्रेनिंग इन बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज₹ का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 मई 2026 से 10 जुलाई 2026 तक आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एस. पी. शर्मा ने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि अनुसंधान आधारित सोच, प्रयोगात्मक कौशल और स्थानीय व सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना समय की माँग है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक एवं प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद प्रकाश ने प्रशिक्षण का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि कार्यक्रम तीन चरणों में संचालित किया गया।

**प्रथम चरण:** विद्यार्थियों को अनुसंधान पद्धति, शोध नैतिकता, बौद्धिक संपदा अधिकार, वैज्ञानिक लेखन, डेटा विश्लेषण, सांख्यिकी और प्रयोगशाला सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण दिया गया।

**द्वितीय चरण:** संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने 30 दिवसीय लघु अनुसंधान परियोजनाओं पर काम किया। इसमें औषधीय पौधों का फाइटोकेमिकल विश्लेषण, परिसर की जैव विविधता का आकलन, कैमूर जिले में पोषण व स्वास्थ्य का तुलनात्मक अध्ययन, ड्रोसोफिला पर पर्यावरणीय प्रभाव और पेयजल गुणवत्ता का मूल्यांकन जैसे विषय शामिल थे।

**अंतिम चरण:** विद्यार्थियों ने शोध परिणामों का सांख्यिकीय विश्लेषण, रिपोर्ट लेखन और पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण किया, जिसका विशेषज्ञों ने मूल्यांकन किया।

आरडीसी समन्वयक डॉ. अजीत कुमार राय ने बताया कि सभी अनुसंधान परियोजनाएं आरडीसी द्वारा समीक्षा के बाद स्वीकृत की गई थीं। कार्यक्रम में भौतिकी, रसायन, प्राणी विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी, वनस्पति विज्ञान और भूगोल विभागों के शिक्षकों ने सतत मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा बीएचयू (वाराणसी), सेंट जेवियर्स कॉलेज (रांची) और सिविल कोर्ट (रांची) के विशेषज्ञों ने भी ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से व्याख्यान दिए। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई वरिष्ठ प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. सुमित कुमार राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया और समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत एक घायल

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्हड़िया मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों उत्तर प्रदेश से बिहार आ रहे थे। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, कुल्हडिया मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार 30 वर्षीय मनीष श्रीवास्तव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार पप्पू श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और उत्तर प्रदेश से बिहार की ओर आ रहे थे। मृतक की पहचान मनीष श्रीवास्तव (30 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मनोज श्रीवास्तव के पुत्र तथा उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के सकलडीहा थाना क्षेत्र स्थित कम्हारी गांव के निवासी थे। वहीं घायल पप्पू श्रीवास्तव, नागेंद्र श्रीवास्तव के पुत्र हैं और कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के खामिदौरा गांव के रहने वाले हैं। हादसे की सूचना मिलते ही दुर्गावती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायल पप्पू श्रीवास्तव को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुर्गावती ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यिनाथ जी का मा0 पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में आगमन



लोक तंत्र की आवाज।
देवीपाटन। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ जनपद के दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत मा0 पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में आगमन हो गया है। नर्धिारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री जी हेलीकॉप्टर जी हेलीपैड पर पहुंचे, जहां मा0 जनप्रतिनिधिगण एवं डीएम, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंचे। मुख्यमंत्री के जनपद प्रवास के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं जिला प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित रूप से सुनश्चिति की गई हैं।

### प्रथम पञ्च ग्राम माता सोनिया देवी की पुण्य स्मृति में सत्संग का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज।
केदार नाथ पाण्डेय।
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के श्रीमतपुर हुजूरनगर पंचायत के विनोबाटोला वार्ड नंबर छः के मैय्यो बाबू घर के परिसर में प्रथम पञ्च ग्राममाता सोनिया देवी की दूसरी पुण्यस्मृति के अवसर पर संतमत सत्संग का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उनके तैल चत्रि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मुख्य प्रवाचिका साध्वी शीला दीदी ने अपने भजन और प्रवचन से प्रथम पञ्च ग्राममाता सोनिया देवी के व्यक्तत्वि और कृतत्वि पर दमदार प्रकाश डालती हुई सबको भावविभोर कर दी। उन्होंने कहा कि वे सद्गुरु महर्षि मेँहीँ परमहंसजी महाराज के हृदय स्वरूप संत शाही स्वामी से दीक्षित संतमत की एकनष्ठि शष्यिा थीं। पूर्व मुखिया उम्मीदवार नीतु कुमारी उर्फ़ पुतुल गुप्ता ने बताया कि माताजी धर्मपरायणा थीं।

### धनरुआ प्रखंड में दो पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन संपन्न, बड़ी संख्या में लोगों पहुंचे



लोक तंत्र कि आबाज
रिपोर्ट धनंजय कुमार।
धनरुआ प्रखंड अंतर्गत आम जनता की समस्याओं के समाधान एवं विभन्नि सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कोसुत पंचायत के पंचायत सरकार भवन तथा छाती पंचायत के बास बिगहा गांव में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभन्नि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित नष्पिादन का आश्वासन दिया।

# पीएम आवास पर धरना दे रहे राहुल गांधी-अखिलेश यादव को पुलिस ने लिया हिरासत में




**लोक तंत्र की आवाज़।**

**नईदल्लिी।** नई दल्लिी में प्रधानमंत्री आवास के पास मंगलवार, 21 जुलाई की दोपहर करीब 3:30 बजे से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के साथ धरने पर बैठे कांग्रेस नेताओं और सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

**पीएम आवास पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शनः** नई दल्लिी में 20 जुलाई को स्टूडेंट्स पर हुए लाठीचार्ज की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च करके धरना प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पवन खेड़ा, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, दीपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार समेत कई नेता शामिल हुए थे।

**केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह बोले- राहुल बयान से मुकरेः** प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दो बार धरना स्थल पर पहुंचकर राहुल गांधी से चर्चा की, लेकिन वे धरना प्रदर्शन खत्म करने को राजी नहीं हुए। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि पहले राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक मुद्दे पर संसद में चर्चा करने की मांग की थी, लेकिन बाद में वे इससे मुकर गए। बाद में वे केंद्रीय शक्षिा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ गए। उनका ये रवैया उचित नहीं है। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पर कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगने के लिए उनके आवास तक मार्च कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने एक दिन पहले छात्रों के साथ बर्बरता की, लेकिन न तो इसकी जम्मिेदारी लेना चाहती है और न ही इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराना चाहती है।



### नव नियुक्त एसडीएम डॉ. अनंत कुमार ने किया अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

**लोकतंत्र की आवाज।**

**शिवहर।** जिले के नव नियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) डॉ.अनंत कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। मंगलवार को उन्होंने शिवहर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। एसडीएम के अचानक निरीक्षण से कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच हलचल देखी गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ.अनंत कुमार ने विभन्नि शाखाओं का जायजा लेते हुए कार्यालय में संचालित कार्यों,अभिलेखों के रखरखाव तथा आम लोगों से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से लंबित मामलों और उनके नष्पिादन की स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-नर्दिेश दिए।एसडीएम डॉ.अनंत कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को बेहतर और त्वरित सेवा उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बिजनौर नाबालिग से जुड़े प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**लोकतंत्र की आवाज।**

**रिपोर्ट पायल कुमारी।**
बिजनौर थाना बढ़ापुर पुलिस ने नाबालिग किशोरी से जुड़े गंभीर आपराधिक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच विधिक प्रावधानों के अनुरूप की जा रही है तथा पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना राजेश सोलंकी ने बताया कि 15 जुलाई को क्षेत्र के एक गांव निवासी परिजनों ने थाना बढ़ापुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव भगवानपुर निवासी जौनी ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ गंभीर अपराध किया। आरोप है कि घटना का विरोध करने पर आरोपी ने परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बढ़ापुर पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए अभियान चलाया। सोमवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी जौनी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्चों से जुड़े अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनश्चिति की जाएगी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित किसी भी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## खटके में फंसा तेंदुए से इलाके में मची दहशत, दो घंटे बाद हुआ रेस्क्यू

**लोकतंत्र की आवाज।**

**रिपोर्ट जसवीर सिंह।**
बिजनौर की तहसील चांदपुर के क्षेत्र ग्राम बास्टा में उस समय हरकम्प मच गया जब जंगल से निकलकर खेत में फंसा तेंदुआ।बिजनौर के चांदपुर रेंज के बास्टा इलाके में एक तेंदुआ जंगल से निकलकर खेत में लगे खटके में फंस गया। सुबह ग्रामीणों ने उसे फंसा देखा, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू किया। यह घटना बास्टा से बमनोली मार्ग पर स्थित एक खेत में हुई। बताया गया कि तेंदुआ रात में जंगल से बाहर आया और खेत में लगे खटके में फंस गया।सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे, तब उनकी नजर फंसे हुए तेंदुए पर पड़ी।यह



घटना बास्टा से बमनोली मार्ग पर स्थित एक खेत में हुई। इस खबर के फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और तेंदुए को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस टीम मौके पर पहुंची और भीड़ को तेंदुए से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी। पुलिस और ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के लगभग दो घंटे बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और तेंदुए को सुरक्षित रूप से खटके से बाहर निकाला।

## प्रधान शक्षिकों ने मनाई योगदान की प्रथम वर्षगांठ

**लोकतंत्र की आवाज।**

**केदार नाथ पाण्डेय।**
**पीरपैंती, कहलगांव।** कहलगांव प्रखंड के प्रधान शक्षिकों ने अपने योगदान की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) परिसर में एक गरिमामय मिलन समारोह का आयोजन किया। पिछले वर्ष इसी दिन प्रखंड के सभी प्रधान शक्षिकों ने अपने-अपने वद्यालयों में योगदान दिया था। इस अवसर पर सभी ने केक काटकर, मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा बीते एक वर्ष की उपलब्धियों और अनुभवों को साझा किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधान शक्षिकों ने विभन्नि प्रशासनिक एवं शैक्षणिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए वद्यालयों में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव रखी है।गुणवत्तापूर्ण 12ने



सभी प्रधान शक्षिकों को बधाई देते हुए कहा कि "आज का दिन केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण, नेतृत्व और उपलब्धियों का उत्सव है। किसी वद्यालय की पहचान केवल उसकी इमारत से नहीं, बल्कि उसके नेतृत्व से होती है। प्रधान शक्षिक केवल प्रशासनिक अधिकारी नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों का संरक्षक, शक्षिकों का मार्गदर्शक, अभिभावकों का वश्विास और समाज के भवष्यि का नर्मिाता होता है।समारोह में कृष्णनंदन उपाध्याय, दीपक झा, मुकेश कुमार, सर्वोत्तम शर्मा, रिकेश कुमार, अर्जुन केशरी, शिखा कुमारी, रानी सुप्रिया कुंदन, नंदनी कुमारी, मनीष कुमार, पंकज झा, कौशल किशोर , अभिनव कुमारी, संतोष भारती सहित दर्जनों प्रधान शक्षिक उपस्थित रहे। सभी ने शक्षिा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, नवाचार और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

# देवबंद में ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद गहराया ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोपः असद सिद्दिकी

**लोक तंत्र की आवाज।**

**देवबंद।** क्षेत्र के हाशिमपुरा निवासी उस्मान अंसारी ने ग्राम समाज की भूमि को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से नष्पिक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मामले को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है।
उस्मान अंसारी का आरोप है कि देवबंद स्थित वक्फ दारुल उलूम के निकट लगभग डेढ़ बीघा ग्राम समाज की भूमि मौजूद है, जिस पर कथित रूप से कुछ लोगों को मिलीभगत के माध्यम से कब्जा करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने चकबंदी अधिकारी, उप जिलाधिकारी (एसडीएम) देवबंद तथा जिलाधिकारी सहारनपुर सहित



संबंधित अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर मामले की जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, विवादित भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश कराई जानी थी, लेकिन आरोप है कि संबंधित राजस्व कर्मी, जिनमें कानूनगो और लेखपाल (पटवारी) शामिल हैं, लगातार कार्रवाई को टाल रहे हैं। उनका कहना है कि यदि नष्पिक्ष पैमाइश कराई जाए तो भूमि की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। ग्राम समाज जमीन संबंधित मामले में कुछ अन्य ग्रामीणों ने भी ग्राम प्रधान पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व उनसे हजारों रुपये लेकर ग्राम समाज की भूमि के पट्टे दिलाने का आश्वासन दिया गया था। आरोप है कि आज तक न तो उनके नाम पट्टे किए गए और न ही ली गई धनराशि वापस की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पहलू की भी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व विभाग से शीघ्र पैमाइश कराकर भूमि की स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है, ताकि विवाद का स्थायी समाधान निकल सके। ग्राम प्रधान ने सभी आरोपों को निराधार बताया।

# बिजनौर कोट के मेले में उमड़ी आस्था की भीड़ बेहतर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की उठी मांग

**नगीना।** नगीना देहात क्षेत्र के कोटकादर स्थित प्रसद्धि श्री कल्याणमल देवता के मंदिर में लगने वाले ऐतिहासिक कोट के मेले में हर वर्ष की तरह इस बार भी आषाढ़ मास के रविवारों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आस्था के इस केंद्र पर विशेष रूप से तीसरे और पांचवें रविवार को एक से दो लाख तक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जिससे कल्याणमल देवता मंदिर जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग जाता है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। ऐसे में प्रशासन को पहले से व्यापक इंतजाम करने चाहिए। लोगों का सुझाव है कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान प्रमुख



मार्गों पर हर कुछ दूरी पर पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, उसी प्रकार मेले के मार्ग पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि जाम, भगदड़ और जेबकतरों जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। लोगों ने यह भी मांग की कि महिलाओं, बच्चों, दव्यिांगजनों और नवविवाहित दंपतियों के लिए अलग एवं सुरक्षित दर्शन मार्ग बनाया जाए। मंदिर समिति और प्रशासन को मिलकर भीड़ प्रबंधन की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। लगभग 500 वर्ष से

**आषाढ़ के पांचवें रविवार को लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना**

अधिक प्राचीन माने जाने वाले श्री कल्याणमल देवता मंदिर के संबंध में मान्यता है कि यहां स्थापित चतुर्भुज प्रतिमा भूमि की खुदाई के दौरान प्रकट हुई थी। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रसाद चढ़ाते हैं और पारंपरिक अनुष्ठान संपन्न करते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते समुचित यातायात और सुरक्षा प्रबंध कर दिए जाएं तो यह विशाल धार्मिक आयोजन और अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बन सकता है।

# बिजनौर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से रखे गए खोखो को लेकर नगर पालिका ने दिया नोटिस

**लोकतंत्र की आवाज ।**

**पोर्ट गुरप्रीत सिंह**
**किरतपुर।** अभी लगभग 4 दिन पूर्व मौजमपुर टेंपू स्टैंड पर कुछ लोगों द्वारा नगर पालिका की जमीन पर अवैध रूप से लोहे के खोखे बनवा कर रखवा दिए गए थे जिससे वहां पर आने जाने वाले टेंपो चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जबकि वहां पर पहले से ही टेंपो स्टैंड बना हुआ है जिसका टेंपो यूनियन और टेंपो चालकों ने काफी विरोध किया था। नगर पालिका द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए जिन लोगों द्वारा अवैध रूप से खोखे रखे गए थे उनको शीघ्र सरकारी जमीन पर से खोखे हटाने का नोटिस दिया गया था। परंतु अवैध कब्जा धारकों द्वारा टेंपू चालकों के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा था जिसको लेकर कल शाम लगभग 4:00 बजे टेंपो यूनियन के अध्यक्ष सतीश मेहरा



के पुत्र साहिल मेहरा द्वारा टेंपो चालकों के साथ एक खोखे को हटवा दिया गया। पिछले काफी समय से मौजमपुर टेंपो स्टैंड के आसपास भारी मात्रा में अवैध कब्जा धारको द्वारा सरकारी जमीन पर खोखे एवं दुकानें बनाकर अवैध कब्जा किया हुआ है। नगर पालिका प्रशासन मामला संज्ञान में होते हुए भी मौन धारण किए हुए हैं जबकि शासन के आदेश अनुसार जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है या अतक्रिमण कर रखा है उसको शीघ्र हटाने के आदेश हैं उसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन चुप्पी क्यों साधे हुए।

# धनरुआ प्रखंड प्रखंड कार्यालय में विडियो सीमा कुमारी एवं बीपीआर ओ का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित, अधिकारियों के कार्यों की हुई सराहना

**लोक तंत्र कि आबाज।**

रिपोर्ट धनंजय कुमार कि भावुक क्षणों के बीच विडियो सीमा कुमारी और डीपीआरओ को दी गई विदाई; अंगवस्त्र व स्मृति चह्नि देकर किया गया सम्मानित धनरुआ प्रखंड अंतर्गत स्वर्ण जयंती भवन 21/72026कोस्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी विडियो सीमा कुमारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बीपीआरओ के स्थानांतरणकार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य विदाई सह सम्मान समारोह'का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय पुर्व मुखिया उपेन्द्र कुमार ने कि जनप्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण एवं भावुक माहौल में संपन्न हुई।कार्यक्रम के दौरान



उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विडियो सीमा कुमारी तथा बीपीआरओ को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ बुके एवं स्मृति चह्नि (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्यशैली और जनसेवा की सराहना समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि विडियो सीमा कुमारी एवं डबीपीआर ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित नष्पिादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने



एवं प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखने में दोनों अधिकारियों का योगदान सराहनीय रहा। "प्रशासनिक सेवा में स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन सहकर्मियों और जनता से मिला स्नेह एवं सहयोग हमेशा याद रहेगा। विडियो सीमा कुमारीअधिकारियों ने जताया आभार अपने संबोधन में विडियो सीमा कुमारी एवं बीपीआरओभावुक हो गए। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, सहकर्मियों एवं आम नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यहाँ के लोगों से मिले सहयोग और सम्मान को वे कभी भूल नहीं पाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्षेत्र में विकास की यह गति आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान। प्रशासनिक कर्मी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी अंचलाधिकारी, प्रधान लिपिक, पंचायत सचिव, आवास सहायक एवं अन्य कर्मचारी। जनप्रतिनिधिःमुख्य/प्रमुख, उप-प्रमुख, विभन्नि पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड पार्षद। रहे मौजूद ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बारिश के बाद सड़क और नाली का मिटा अंतर



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड में लगातार हो रही बारिश ने लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। जलजमाव की स्थिति ऐसी है कि सड़क और नाली का अंतर पूरी तरह मिट गया है। शेरमारी बाजार चौक, बस स्टैंड, ठाकुर बाड़ी के चारों ओर पानी भर जाने से इलाका किसी टापू जैसा नजर आने लगा है। ग्रामीणों को घरों से निकलने, बच्चों को स्कूल भेजने और दैनिक कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में भी जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। लगातार बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। कई घरों के आसपास पानी भर गया है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जलजमाव के कारण गंदगी बढ़ रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। लोगों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से नाली की सफाई तथा जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। नालियों की सफाई कराने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बारिश के मौसम में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री बनवारी लाल बैरवा की 17वीं पुण्यतिथि 22 जुलाई को मनाई जाएगी



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा की 17वीं पुण्यतिथि बुधवार, 22 जुलाई 2026 को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया प्रभारी जर्सर खान ने बताया कि 22 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे टोंक बस स्टैंड के सामने बमोर रोड स्थित बनवारी लाल बैरवा स्मारक स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पश्चात आयोजित विचार संगोष्ठी में स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनसेवा से जुड़े योगदान को याद किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेसजन, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना



लोक तंत्र की आवाज
उरई । पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई कर थाना कार्यालयों में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में सोनम वांगचुक के समर्थन में कांग्रेस का साथ



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। बिहपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इबरार आलम एवं कांग्रेस नेता पंकज कुमार सिंह ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी द्वारा समाजसेवी एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में जंतर-मंतर पहुंचकर एकजुटता व्यक्त करना लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम भी शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाने वाले आंदोलनकारियों के समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की दमनकारी और शोषणकारी नीतियों के कारण जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र में असहमति को दबाने के बजाय संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान होना चाहिए।

### 11वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर दी जान: घर में दुपट्टे से फंदा लगाया, फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए



लोक तंत्र की आवाज
उरई जालौन। कोंच के पनहरा गांव में 11वीं कक्षा की एक छात्रा ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार शाम शालिनी प्रजापति (16) ने दुपट्टे का फंदा बनाकर उस पर लटक गई। घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मंगलवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शालिनी प्रजापति पनहरा गांव निवासी राकेश प्रजापति की बेटी थी। राकेश मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शालिनी कक्षा 11 की छात्रा थी और पढ़ाई में मेधावी मानी जाती थी। परिजनों के मुताबिक, सोमवार शाम उसकी मां प्रियंका पशुओं की देखभाल के लिए पशुशाला गई थीं। इसी दौरान शालिनी ने घर के कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फोरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत: सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चंद ने पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए और पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**परिजन बोले- किसी परेशानी की जानकारी नहीं थी:** मृतका के पिता राकेश प्रजापति ने बताया कि शालिनी पढ़ाई में बहुत होशियार थी। परिवार को उसकी किसी तरह की परेशानी या तनाव की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि बेटी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी तक समझ में नहीं आ सका है।

**पुलिस बोली-** हर पहलू से की जा रही जांच: पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# चौरू बस स्टैंड पर जलभराव बना मुसीबत-विद्यार्थी व राहगीर रोज़ाना जोखिम उठाने को हो रहे मजबूर

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखंड क्षेत्र की चौरू ग्राम पंचायत कस्बा में बारिश के पानी की समुचित निकासी नहीं होने से ग्राम पंचायत चोरू मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास सड़क पर गंभीर जलभराव की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की अनदेखी के चलते हर वर्ष यही स्थिति बनती है, जिससे आमजन, स्कूली विद्यार्थियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को हुई बारिश में कस्बा की सड़क दरिया बनती नजर आई।

जानकारी के अनुसार टोंक–सवाई माधोपुर नेशनल हाईवे बाईपास से जुड़े चौरू बस स्टैंड के समीप सड़क पर बारिश का पानी जमा रहने से दोपहिया वाहन चालक और राहगीर आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं। जलभराव के कारण सड़क पर आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों और आसपास के दुकानदारों ने बताया कि इसी मार्ग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन विद्यालय आते-जाते हैं। लंबे समय तक सड़क पर पानी भरा रहने से विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को भारी असुविधा होती है। तेज बारिश के दौरान हालात और भी बदतर हो जाते हैं तथा सड़क से गुजरना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर स्थायी जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने और जगह-जगह गड्ढे होने से पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका के साथ-साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से मौसमी बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। छोटे-छोटे बच्चों को गंदे पानी से होकर विद्यालय जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।





**बारिश में सड़क बनी तालाब-कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुआ समाधान; ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी से स्थायी जल निकासी की मांग की**

**ग्रामीणों की मांग :** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से चौरू बस स्टैंड के पास स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित कर सड़क का सुधार कराने की मांग की है, ताकि हर वर्ष होने वाली इस समस्या से आमजन और विद्यार्थियों को स्थायी राहत मिल सके।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार:** समस्या को लेकर ग्राम पंचायत चोरू प्रशासक रामसहाय मेरोठा का कहना हैं कि"सड़क मार्ग पर बारिश के पानी के भराव की समस्या को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग एवं स्थानीय विधायक राजेंद्र गुर्जर को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।" जल्द ही समस्या समाधान के प्रयास किए जाएंगे। — रामसहाय मेरोठा, प्रशासक, ग्राम पंचायत चौरू

## पीड़िता ने एसपी की चौखट पर पहुंच कर लगाई न्याय की गुहार



लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** माधौगढ़ के ग्राम कैलोर निवासिनी पीड़िता मुन्नी कुशवाहा पत्नी सूरज पाल सिंह निवासी ग्राम कैलोर की निवासिनी हैं प्रार्थिनी द्वारा अपने पैतृक निजी मकान में निर्माण करवाना चाह रही थी तभी चचेरे भाई व चाचा द्वारा दबंगई दिखाते हुए प्रार्थनी के मकान पर जबरन कब्जा करना चाह रहे है।

जब इसकी शिकायत प्रार्थनी ने थाना माधौगढ़ पुलिस से की तो माधौगढ़ पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जिससे परेशन होकर पीड़िता ने डी एम एस पी से शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई पीड़िता का कहना है कि हमारा मकान ऑर हमको बनाने नहीं दे रहे जब तक मेरे पति जिंदा रहे तब तक किसी ने कोई विवाद नहीं किया ओर उनके मरने के बाद परिवार के लोगों द्वारा मेरी दिवाल नहीं बनने दी जा रही और जबरन परेशान किया जा । जब इस मामले की पुलिस से शिकायत की तो पुलिस उन्हीं के पक्ष में बोल रही उन्होंने पुलिस को सुविधा शुल्क दे दी होगी । इस लिए पुलिस उन्हीं की बजा रही जिसको लेकर पीड़िता ने आज एस पी की चौखट पर पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई । पुलिस अधीक्षक से मिल कर अपनी आप बीती सुनाई जिसमे एसपी ने न्याय का आश्वासन दिया

गांव के पड़ोस में रह रहे हवा सिंह निवासीगण ग्राम कैलोर थाना माधौगढ़ जिला जालौन प्रार्थिनी को आये दिन परेशान करते है और प्रार्थिनी को अपने मकान में छत पर बाऊण्ट्री नहीं व दिवाल नहीं बनाने दे रहे उसमें यह हस्तक्षेप करने में लगे है तथा आये दिन प्रार्थनी को जान से मारने की धमकी देते हैं जिससे प्रार्थनी को जान माल का खतरा है।

मकान में करने की धमकी देते रहते हैं वहीं दबंग लोग प्रार्थनी व उसको परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं। ऐसी स्थिति में राजेन्द्र सिंह दीप सिंह पुत्र गण मान सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की राजेंद्र सिंह व दीप सिंह पुत्र गण नत्थू सिंह के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए प्रार्थी श्रीमती मुन्नी कुशवाहा पत्नी या सूरज पाल सिह निवासी याना, माधौगढ़ जिला जालौन,।

## पीरपैंती: खवासपुर स्थित अम्बेडर विद्यालय में अनियमितता का आरोप



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के खवासपुर गांव में स्थित डॉ भीम राव अंबेडकर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में अभिभावकों ने ने अनियमितता का आरोप लगाया। बीस सूत्री सदस्य मिथलेश कुमार ने कहा कि हमारी बच्चियां भी इसी विद्यालय में पढ़ती है। विद्यालय के शिक्षकों पर छात्रों ने पैसा लेने का भी आरोप लगाया। विद्यालय की साफ सफाई, जल की व्यवस्था, पढ़ाई की कि व्यस्था पर भी आरोप लगाया। बच्चों ने नाशते में मिलने वाले पाव रोटी में फंगस लगा हुआ था। अभिभावक पप्पू कुमार ने भी इसी से मिलता जुलता आरोप लगाया। इंदु देवी, रिंकी देवी, कंचन देवी ने भी पैसा लेने का आरोप लगाया। प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह से संवाददाता ने पूछा कि उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान मे नहीं था। मै जांच कराउंगी। बच्चियों ने भी बहुत सारी शिकायत की। नीतू सिंह ने कहा कि सभी आरोप गलत है।

## जालौन : चोरी के आभूषणों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

लोक तंत्र की आवाज

**जालौन।** जालौन पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के सोने-चांदी के जेवरातों के साथ एक 18 वर्षीय अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक डा ईशान सोनी के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली जालौन पुलिस की टीम—उ०नि० निसार अहमद, हे०का० निगल कुमार, रि०का० मनोज कुन्तल एवं रि०का० जितेन्द्र कुमार पाल**—21 जुलाई 2026 की रात गश्त व चेकिंग पर थी।



इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ग्यार हरकौली मोड़ के पास एक संदिग्ध युवक चोरी के माल के साथ कहीं भागने या उसे बेचने की फिराक में किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रात करीब 02:30 बजे छापा मारकर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से चोरी किए गए सोने व चांदी के आभूषण (एक सोने के कान के कुंडल, एक सोने का मंगलसूत्र लॉकेट, एक चांदी की झालर पेटी व एक जोड़ी चांदी की पायल) बरामद हुए।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विवेक (उम्र लगभग 18 वर्ष), पुत्र अरविन्द, निवासी ग्राम हरकौली, थाना जालौन, जनपद जालौन* के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने 19 जुलाई 2026 को अपने ही गांव हरकौली के निवासी कृपाल पुत्र हंसे के बंद कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए थे। वह इन आभूषणों को गोहांड-उरई बेचने जाने की फिराक में था, तभी पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। मामले में थाना जालौन पर मु0अ0सं0 155/2026 के तहत धारा 305 (बीएनएस) और धारा 317(2) (बीएनएस) के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## बुंदेलखंड में BSP का 'मिशन नगर', निष्क्रिय पदाधिकारी हटाए जाएंगे

लोकतंत्र की आवाज

**जालौन।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी (BSP) ने बुंदेलखंड में अपनी रणनीति को नए सिरे से धार देना शुरू कर दिया है। ग्रामीण इलाकों में बूथ स्तर का ढांचा तैयार करने के बाद अब बसपा का पूरा ध्यान शहरी सीटों पर केंद्रित हो गया है। इसी कड़ी में पार्टी ने 'मिशन नगर' की शुरुआत की है, जिसके तहत शहर-शहर संगठन को पुनर्गठित किया जाएगा। 'मिशन नगर' अभियान के तहत जिले की तमाम नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों की कमेटियों की समीक्षा की जा रही है। पार्टी नेतृत्व ने साफ़ कर दिया है कि निष्क्रिय पदाधिकारी हटाए जाएंगे और उनकी जगह ज़मीनी स्तर पर सक्रिय रहने वाले समर्पित 'मिशनरी' कार्यकर्ताओं को नई कमान सौंपी जाएगी।

झांसी मंडल के मुख्य प्रभारी लालाराम अहिरवार और *रामबाबू चिरगैया को लगातार शहरी कमेटियों के निष्क्रिय होने की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों नेताओं ने जालौन के जिलाध्यक्ष डॉ. बृजेश जाटव, को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंडल प्रभारियों ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि कागजों पर चलने वाली कमेटियों का दौर अब खत्म हो चुका है। उरई नगर पालिका समेत सभी नगर निकायों में तत्काल बैठकें बुलाएं और काम न करने वाले निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए ऊर्जावान चेहरों को जिम्मेदारी सौंपें।

अब तक बसपा को मुख्य रूप से ग्रामीण जनाधार वाली पार्टी माना जाता रहा है, लेकिन 'मिशन नगर' के ज़रिए पार्टी अपनी इस छवि को बदलना चाहती है। इसके तहत दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के साथ-साथ व्यापारी और मध्यम वर्ग तक पहुँच बनाने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार, आगामी चुनावों में उन्हीं कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता मिलेगी जो बिना गुटबाज़ी के पार्टी लाइन पर काम करेंगे।

मिशन नगर' के तीन मुख्य लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं: निष्क्रियता पर लगाम: फील्ड में काम न करने वाले और सुस्त पदाधिकारियों की संगठन से छुट्टी करना। नया नेतृत्व: नगर कमेटियों में युवाओं, महिलाओं और नए चेहरों को प्रमुख जिम्मेदारी देना। शहरों के हर वर्ग तक बसपा की नीतियों और विचारधारा को पहुँचाना।

बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. बृजेश जाटव ने बताया कि मंडल प्रभारियों के निर्देशानुसार काम शुरू कर दिया गया है। जल्द ही जिले के सभी नगरों में कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे। उनका उद्देश्य गुटबाज़ी खत्म कर समर्पित कार्यकर्ताओं की नई टीम तैयार करना है ताकि पार्टी नगरों से भी ऐतिहासिक जीत हासिल कर सके। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बसपा द्वारा निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर शहरों में सक्रियता बढ़ाने से बुंदेलखंड के शहरी चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।

## जगदीश मेहरा बने प्रदेश महामंत्री, समाज में खुशी की लहर-शुभचिंतकों ने दी बधाइयाँ

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** राजस्थान प्रदेश कहार-कीर-केवट-कश्यप-मेहरा स्वजातीय समाज विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार की अनुमति से प्रदेश संगठन महामंत्री डॉ. नरेन्द्र मेहरा (एडवोकेट) ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के भीवंपुरा निवासी युवा समाजसेवी जगदीश मेहरा को प्रदेश महामंत्री पद पर मनोनीत किया है। घोषणा के साथ ही समाज में खुशी की लहर दौड़ गई तथा शुभचिंतकों और समाज बंधुओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ देना शुरू कर दिया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार, मुख्य संरक्षक बजरंग लाल मेहरा, प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा (चेयरमैन), वरिष्ठ उपाध्यक्ष फूलचंद



कहार (एडवोकेट), टोंक जिलाध्यक्ष सायरलाल कीर, संयोजक किशन लाल कहार (व्याख्याता), वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम अबीद, प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा (एडवोकेट), रोहिताश मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश कहार, कोटा संभाग अध्यक्ष राजेश सिकरवाल, जिलाध्यक्ष हरिमोहन कहार, युवा नेता गौरव मेहरा, रामअवतार बलावत, मांगीलाल कहार (अध्यापक), छोटूलाल (उपसरपंच), भगवान मेहरा, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री राजेन्द्र कहार, मुकेश कश्यप (पार्षद), युवा नेता जितेन्द्र धीवर, सीताराम (अध्यापक), नरेश ककराज, चिरंजी लाल कीर, रामलाल कटारिया, गोरधन कीर, मोहनलाल (कम्पाउंडर), जगदीश ठेकेदार, मीडिया प्रभारी दानमल कहार, ओम शंकर कहार सहित सैकड़ों समाज बंधुओं ने जगदीश मेहरा को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री जगदीश मेहरा ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

## कोटवा पुलिस ने की दो जगह छापेमारी, 31 लीटर शराब के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** कोटवा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग जगहों से कुल 31 लीटर शराब बरामद की है। इस मामले में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**पहली कार्रवाई: कोइरगावा से 20 लीटर देसी शराब बरामद:** कोटवा थाना क्षेत्र के ग्राम कोइरगावा में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। पुलिस ने मौके से करीब 20 लीटर देसी जुलाई शराब के साथ 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तः 1.अर्जुन पासवान, पिता - वीरेन पासवान, ग्राम - महमदा, थाना - पिपरा कोठी 2.रुपेश यादव, पिता - सतनारायण राय, ग्राम - कोरेगांव, थाना - कोटवा 3.रमेश राय, पिता - विश्वनाथ राय, ग्राम - कोरेगांव, थाना - कोटवा,जिला - पूर्वी चंपारण, ।

**दूसरी कार्रवाई: जसौली पट्टी से 11 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद:** वहीं दूसरी ओर ग्राम जसौली पट्टी में पुलिस ने एक व्यक्ति को स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर बैग में शराब ले जाते हुए पकड़ा। उसके पास से करीब 11 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई।


गिरफ्तार अभियुक्तः 1.भोला कुमार, पिता - संतोष ठाकुर, ग्राम - जसौली पट्टी,थाना - कोटवा,जिला - पूर्वी चंपारण, मोतिहारी। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में उपस्थापन के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## अलीगढ़ थाना क्षेत्र में एक सप्ताह में नाबालिग बालिकाओं से जुड़े तीन गंभीर मामले-कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/अलीगढ़।** जिले के उनियारा सर्किल अंतर्गत अलीगढ़ थाना क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह के दौरान तीन अलग-अलग गांवों से नाबालिग बालिकाओं के लापता होने एवं उनसे जुड़े गंभीर मामलों के तीन प्रकरण दर्ज होने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस थाना अलीगढ़ में एफआईआर संख्या 128, 130 एवं 131 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत दर्ज की गई हैं।

**प्रकरण संख्या - 01:** उपलब्ध एफआईआर दस्तावेजों के अनुसार, एफआईआर संख्या 128 में एक नाबालिग बालिका के साथ लगभग





**एफआईआर संख्या 128, 130 व 131 में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज-लगातार घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल**

250 ग्राम चांदी की पायजेब, सोने का मंगलसूत्र तथा करीब 25 हजार रुपये नकद ले जाने का उल्लेख किया गया है। नाबालिग बालिका के पिता ने पास ही के गांव निवासी एक युवक पर संदेह व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस प्रकरण की जांच सहायक उपनिरीक्षक भंवरलाल मीणा कर रहे हैं।

**प्रकरण संख्या - 02:** इसी प्रकार एफआईआर संख्या 130 में एक पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को पास के ही गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि घर में रखे करीब दो लाख रुपये नकद तथा कपड़ों से भरा बैग भी साथ ले जाया गया। इस मामले की जांच थानाधिकारी राजकुमार चौधरी (पुलिस निरीक्षक) द्वारा की जा रही है।

**प्रकरण संख्या - 03 :** वहीं एफआईआर संख्या 131 में एक अन्य नाबालिग बालिका के पिता ने अपनी पुत्री के लापता होने के संबंध में दो महिला सहेलियों सहित छह व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। इस प्रकरण की जांच थानाधिकारी राजकुमार चौधरी (पुलिस निरीक्षक) कर रहे हैं। तीनों अलग-अलग दर्ज मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

**अलीगढ़ थाना क्षेत्र में भय का माहौल-बढ़ रही आपराधिक गतिविधियां:** हालांकि, लगातार सामने आ रही घटनाओं से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त एवं अपराध नियंत्रण को लेकर अपेक्षित प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन, अवैध शराब की बिक्री, नशे का कारोबार तथा जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियां भी खुलेआम संचालित हो रही हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कुछ कथित दलाल एवं बिचौलिए पीड़ित पक्षों पर समझौते का दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, इसलिए इनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यह सब आपराधिक गतिविधियां व अवैध गोरखधंधे आमजन को तो नजर आ रहे हैं, लेकिन शायद जिम्मेदारों को नहीं। लगातार दर्ज हो रहे आपराधिक मामलों के बाद क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, प्रभावी पुलिस गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी तथा नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।